दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 06 नवम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 318 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## अब की बार किसका बिहार?

# बिहार विधानसभा चुनाव : पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान आज

**चुनावी मैदान में 1314 उम्मीदवार**

पहला चरण 06 नवंबर | दूसरा चरण 11 नवंबर

**100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता**

नतीजे 14 नवंबर

**पटना।** बिहार में पहले चरण मतदान आज है। 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। बुधवार सुबह से ही डिस्पैच सेंटरों से मतदान कर्मी ईवीएम-वीवीपैट और अन्य सामग्री लेने में जुट गए। आज शाम तक सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल पहुंच जाएंगे। गुरुवार सुबह पांच बजे ही बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल किया जाएगा। इसके दो घंटे बाद यानी सात बजे मतदान शुरू होग।

**पहले चरण में इन जिलों में मतदान :** पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर। इन 121 सीटों पर कुल 2496 नामांकन दाखिल हुए थे।

जांच के क्रम में 1939 को वैध पाया गया। उनमें से 70 प्रत्याशियों ने नामांकन बाद में वापस ले लिया। इसके बाद, कई सेट में नामांकन की छंटनी करते हरेक प्रत्याशी के एक नामांकन को लिया गया तो प्रत्याशियों की कुल वास्तविक संख्या 1314 रह गई।

इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं।

इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा।

# गाजियाबाद की सड़क परियोजनाओं को मिली नई रफ्तार

## अतुल गर्ग की पहल पर गडकरी ने दिया आगे बढ़ाने का भरोसा







**एलिवेटेड रोड और दिल्ली-सहारनपुर कनेक्टिविटी पर केंद्र ने दिखाई तत्परता, शहर के ट्रैफिक सिस्टम में आएगा सुधार**

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद की दो अहम सड़क परियोजनाओं को केंद्र स्तर से नई ऊर्जा मिली है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर शहर की लंबित परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान गडकरी ने अधिकारियों को संबंधित प्रस्तावों पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया और कहा कि 'गाज़ियाबाद जैसे तेजी से बढ़ते शहरों को बेहतर सड़क नेटवर्क की आवश्यकता है, इसमें मंत्रालय हरसंभव सहयोग करेगा।'

### दो प्रमुख परियोजनाएँ केंद्र में चर्चा का विषय बनीं

बैठक में गाज़ियाबाद नए बस अड्डे से दौलतपुरा तक एलिवेटेड रोड और दिल्ली-सहारनपुर मार्ग (वाया लोनी) की कनेक्टिविटी को लेकर गहन चर्चा हुई। दोनों योजनाएँ शहर के यातायात ढाँचे के लिए अहम मानी जा रही हैं —पहली परियोजना पुराने शहर से औद्योगिक क्षेत्रों तक सीधे संपर्क का रास्ता खोलेगी, वहीं दूसरी दिल्ली बॉर्डर से लेकर लोनी और मुरादनगर तक ट्रैफिक का दबाव घटाएगी।

### अतुल गर्ग का लगातार फॉलोअप लाया नतीजा



अतुल गर्ग इन परियोजनाओं के लिए कई महीनों से मंत्रालय स्तर पर पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने राज्य और केंद्र के अधिकारियों को विस्तृत प्रस्ताव भेजा था। इस मुलाकात को उनके लगातार फॉलोअप का ठोस नतीजा माना जा रहा है। अब उम्मीद है कि एलिवेटेड रोड के DPR (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) को जल्द मंजूरी मिल जाएगी, जबकि दिल्लीझ्रसहारनपुर मार्ग पर सर्वे और निर्माण प्रक्रिया को रफ़्तार दी जाएगी।

### 'कायाकल्प का दौर शुरू होगा' : अतुल गर्ग

करंट क्राइम। बैठक के बाद सांसद अतुल गर्ग ने कहा —'गाज़ियाबाद के नागरिकों को जाममुक्त और सुरक्षित आवागमन की सुविधा देना मेरी प्राथमिकता है। केंद्र सरकार का सहयोग मिलना इस दिशा में बड़ा कदम है। अब इन योजनाओं के लागू होते ही शहर के कायाकल्प का दौर शुरू होगा।'

### शहर के लिए बड़ा फायदा

परियोजनाओं के पूरा होने पर नया बस अड्डा, साहिबाबाद, लोनी और दौलतपुरा क्षेत्र के लाखों लोगों को राहत मिलेगी। ट्रैफिक सुगम होगा, औद्योगिक क्षेत्र तक माल परिवहन में समय और लागत दोनों घटेंगे। सड़क नेटवर्क मजबूत होने से दिल्ली और मेरठ से आने-जाने वालों के लिए गाज़ियाबाद ह्लगेटवे सिटीह्व के रूप में उभर सकेगा।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव 2025-26

## नामांकन शुल्क तय, मतदान 14 नवंबर को

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद (रजि.) ने वार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2026 के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक शर्मा एवं सहायक चुनाव अधिकारी अमित कुमार ने अधिवक्ताओं के लिए जारी सूचना में बताया कि मतदान 14 नवंबर 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जबकि मतगणना उसी दिन शाम 6 बजे से प्रारम्भ होगी।



### विभिन्न पदों के लिए नामांकन शुल्क तय

करंट क्राइम। चुनाव समिति ने नामांकन शुल्क निर्धारित कर दिया है। प्रमुख पदों के लिए शुल्क इस प्रकार है–

**अध्यक्ष** : 25 हजार, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष** : 20 हजार, सचिव : 20 हजार, **कनिष्ठ उपाध्यक्ष** : 10 हजार, **कोषाध्यक्ष** : 10 हजार, **सह सचिव प्रशासन** : 10 हजार, **सह सचिव पुस्तकालय** : 10 हजार, **वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य** : 10 हजार, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य : 5 हजार

### महत्वपूर्ण तिथियां

**मतदाता सूची का प्रकाशन :** 06 नवंबर 2025

**वोटर सूची आपत्ति अवधि :** 07 व 08 नवंबर 2025

**नामांकन दाखिल :** 10 नवंबर 2025 (सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक)

**अंतिम नामांकन तिथि :** 11 नवंबर 2025 (सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक)

**नामांकन पत्रों की जांच व अंतिम सूची :** 11 नवंबर 2025 (दोपहर 2 बजे के बाद)

**मतदान :** 14 नवंबर 2025 (सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक)

**मतगणना :** 14 नवंबर 2025 शाम 6 बजे से

कमेटी ने स्पष्ट किया कि 08 नवंबर को छुट्टी होने पर भी चुनाव अधिकारी वार रूम में उपलब्ध रहेंगे ताकि चुनावी प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे। इस चुनाव कार्यक्रम पर दीपक शर्मा (मुख्य चुनाव अधिकारी), अमित कुमार नेहरा (सहायक चुनाव अधिकारी) एवं देशराज सिंह नागर (चुनाव संयोजक/चेकिंग एवं एल्डर्स कमेटी) ने हस्ताक्षर किए हैं। बार एसोसिएशन गाजियाबाद में इस चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है और नेतृत्व चयन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

# वायु प्रदूषण पर नगर निगम का सुपर प्लान

## अब शहर में 24 घंटे चलेगा पानी का छिड़काव अभियान

**50 वॉटर स्प्रिंकलर और 12 रोड स्वीपिंग मशीन तैनात, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विभागों को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए**








**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर शहरभर में 24 घंटे पानी का छिड़काव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त ने कहा कि जलकल, स्वास्थ्य और उद्यान विभाग संयुक्त रूप से चार शिफ्टों में कार्य करेंगे ताकि शहर की सड़कों और ग्रीन बेल्ट को धूल मुक्त बनाया जा सके। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, जंग बहादुर यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी और महाप्रबंधक जल कल कामाख्या प्रसाद आनंद उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में वर्तमान में 50 वॉटर स्प्रिंकलर (25 जलकल विभाग, 15 स्वास्थ्य विभाग और 5 उद्यान विभाग के सहयोग से) तैनात हैं। इसके अतिरिक्त 12 रोड स्वीपिंग मशीनें और 5 जेटिंग मशीनें सड़कों को धूल मुक्त बनाने में लगी हैं। उद्यान विभाग सेंट्रल वर्ज व ग्रीन बेल्ट में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करा रहा है।

नगर आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि रात के समय भी चयनित स्थानों पर छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं होता, तब तक 24 घंटे पानी का छिड़काव अभियान जारी रहेगा। निर्माण विभाग को सड़क किनारे मलबा व निर्माण सामग्री के अनुचित ढेरों पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग को कूड़ा जलाने की घटनाओं की विशेष मॉनिटरिंग करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों के आस-पास पानी का छिड़काव करें और कूड़ा जलाने से बचें। उन्होंने कहा कि 'शहर को धूल और धुएं से मुक्त बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिक सहयोग के बिना वायु गुणवत्ता में सुधार संभव नहीं।'

# गाजियाबाद में एसआईआर अभियान शुरू, 29.6 लाख वोटरों का घर-घर सत्यापन

## 3,224 बीएलओ तैनात | 3,198 पोलिंग स्टेशनों पर चलेगा काम | 4 दिसंबर तक चलेगा गहन पुनरीक्षण अभियान




**मुख्य बातें एक नजर में**

**ड्राफ्ट सूची 9 दिसंबर 2025**

**अंतिम सूची 7 फरवरी 2026**

**थीम: शुद्ध निर्वाचक नामावली - मजबूत लोकतंत्र**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत सोमवार से हो गई। जिला निर्वाचन कार्यालय की देखरेख में चल रहे इस कार्यक्रम में बीएलओ घर-घर जाकर नागरिकों के विवरणों का सत्यापन कर रहे हैं। इस अभियान के तहत जिले के करीब 29.6 लाख मतदाताओं का पुनः सत्यापन किया जाएगा। चुनाव आयोग का यह देशव्यापी अभियान 'शुद्ध निर्वाचक नामावली - मजबूत लोकतंत्र' के तहत चल रहा है।

### 3,224 बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे

जिले में 3,224 बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक बीएलओ को औसतन 900 से 1000 मतदाताओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में जाकर प्री-प्रिंटेड सत्यापन फॉर्म वितरित कर रहे हैं, जिनमें मतदाता का नाम, EPIC नंबर और पता पहले से दर्ज है। मतदाताओं को इन फॉर्म में अपनी जानकारी की पुष्टि या संशोधन कर हस्ताक्षर सहित वापस करना होगा।

### 3,198 पोलिंग स्टेशन पर होगा सत्यापन कार्य

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, गाज़ियाबाद जिले में कुल 3,198 पोलिंग स्टेशन हैं। इन सभी केंद्रों पर एसआईआर अभियान के अंतर्गत डेटा मिलान और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। BLOs को मोबाइल ऐप के जरिए सीधे निर्वाचन पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक

करंट क्राइम। विशेष पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसके बाद 9 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियाँ 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक ली जाएंगी, जबकि अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

### अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक

विशेष पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसके बाद 9 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियाँ 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक ली जाएंगी, जबकि अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

### आरडब्ल्यूए और ग्राम प्रधानों से सहयोग

कॉलोनियों और सोसाइटीज में रहने वाले मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बीएलओ को Resident Welfare Associations (RWAs) की मदद ली जा रही है। ग्राम पंचायत क्षेत्रों में ग्राम प्रधान और लेखपाल को साथ रखकर घर-घर सत्यापन करवाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी एसडीएम क्षेत्रवार निगरानी कर रहे हैं।

### मतदाताओं के लिए जरूरी कदम

- जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ के संपर्क में आकर अपनी जानकारी सही करें।
- यदि पता बदला है, तो फॉर्म-6 या फॉर्म-8ए भरकर नया पता दर्ज कराया जा सकता है।
- परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम की जांच करना भी अनिवार्य है।
- जो मतदाता सूची में नहीं हैं, वे इस अवधि में आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

### बड़ी आबादी, बड़ी चुनौती

गाज़ियाबाद जैसे घनी आबादी वाले और बहुमंजिला अपार्टमेंट्स से भरे जिले में बीएलओ के सामने सबसे बड़ी चुनौती है –

- किरायेदारों और प्रवासी परिवारों का सही रिकॉर्ड जुटाना।
- कई क्षेत्रों में घर बंद मिलने की स्थिति में इछड तीन बार प्रयास के बाद फॉर्म बाहर छोड़ेंगे और बाद में सत्यापन नोटिस जारी करेंगे।

> "हमारा लक्ष्य है कि गाज़ियाबाद जिले की मतदाता सूची एकदम सटीक और पारदर्शी बने। सभी इछड को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है और डेटा अपलोड प्रक्रिया को डिजिटली ट्रैक किया जा रहा है।
> — जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद



# बिहार चुनाव से एक दिन पहले राहुल गांधी का 'हाइड्रोजन बम'

## राहुल ने हरियाणा के चुनावी नतीजों को लेकर खुलासा किया,कहा - हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी....




**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को वोटर चोरी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस हरियाणा को लेकर सवाल उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी पकड़ी गई। राहुल ने हरियाणा के चुनावी नतीजों को लेकर खुलासा किया। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी की गई।राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर बीजेपी की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 3.5 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट के काटे गए। फॉर्म 6, फॉर्म 7 के आधार पर भी वोट चोरी की गई। खास बात है कि राहुल गांधी की तरफ से ये बड़ा आरोप बिहार में पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि हमें कई राज्यों में वोट चोरी की शिकायत मिली। उन्होंने कहा कि हरियाणा के एग्जिट पोल में जीत मिल रही थी। उन्होंने कहा कि यह किसी क्षेत्र विशेष में नहीं हो रहा। राहुल ने कहा कि पोस्टल बैलेट में कांग्रेस आगे थी। राहुल ने कहा कि मैं 101 फीसदी सच के साथ सामने आया हूं।

**कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया :** राहुल गांधी ने कहा कि एक पूरे प्रदेश में जनादेश की चोरी की गई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के बाद अब हरियाणा में वोट चोरी पकड़ी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि शुरूआत में हमें इस पर यकीन नहीं हुआ। कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया। हरियाणा में सभी कांग्रेस की जीत बता रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य चुराया जा रहा है। राहुल ने कहा कि जेन जी को यह देखना चाहिए।

### राहुल के भाषण की मुख्य बातें

हरियाणा वोटर लिस्ट में ब्राजील की मॉडल, ब्राजील की मॉडल ने डाला 22 बार वोट, हरियाणा में 8 वोटर में 1 वोटर नकली, नकली फोटो वाले 1 लाख 24 हजार वोटर, दो बूथ पर एक फोटो का 223 बार इस्तेमाल, हर वोटर लिस्ट में अलग नाम, अलग उम्र, फॉर्म 6, फॉर्म 7 के आधार पर वोट चोरी, 3.5 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट के काटे, बीजेपी की मदद कर रहा चुनाव आयोग, सीसीटीवी फुटेज को नष्ट किया जा रहा

### ब्राजील की मॉडल ने 22 जगह डाले वोट?

हरियाणा में 22 वोटर कार्ड पर एक ही तस्वीर है। उन्होंने कहा कि एक लड़की के 22 वोटर कार्ड मिले। उन्होंने कहा कि एक लड़की ने 10 बूथ पर वोट किया। इस लड़की ने 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। उन्होंने कहा कि ये सेंट्रलाइज ऑपरेशन है। राहुल ने कहा कि राज्य में 5 लाख 21 हजार 619 डुप्लीकेट वोट हैं। राहुल ने सवाल उठाया कि ब्राजील की वोटर ने 22 जगह वोट कैसे डाला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हर 8 में एक वोटर नकली है। उन्होंने कहा कि ये वोट चोरी बूथ लेवल पर नहीं हुई। वोट चोरी का मॉडल सेंट्रलाइज था। राहुल ने कहा कि वोटर लिस्ट में एक महिला ने 9 जगह वोट किया।

> "हमें कई राज्यों में वोट चोरी की शिकायत मिली। हरियाणा के एग्जिट पोल में जीत मिल रही थी। यह किसी क्षेत्र विशेष में नहीं हो रहा। पोस्टल बैलेट में कांग्रेस आगे थी। मैं 101 फीसदी सच के साथ सामने आया हूं।
> **राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### कर्नाटक में वोट चोरी का किया था खुलासा

इससे पहले, 17 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राहुल गांधी ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर (उएउ) ज्ञानेश कुमार पर जोरदार हमला किया था। उन्होंने सीईसी पर कर्नाटक की महादेवनपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट से नाम हटाने की कोशिश करने वाले लोगों की टेक्निकल डिटेल्स शेयर करने से मना करके भारतीय लोकतंत्र को 'नष्ट' करने वालों को 'बचाने' का आरोप लगाया था।

## चुनाव आयोग ने कहा, 'हरियाणा में राहुल गांधी का वोट हेरफेर का दावा बेबुनियाद'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ से हरियाणा में कथित वोट हेरफेर के आरोपों को चुनाव आयोग के एक सूत्र ने बेबुनियाद करार दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने इस सूत्र के हवाले से कहा कि राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी।

सूत्र ने सवाल उठाया, ह्वह्वअगर कई नामों के दोहराव से बचना था, तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई?ह्लह्ल बता दें कि राजनीतिक दल मतदान प्रक्रिया की निगरानी और संभावित अनियमितताओं की पहचान के लिए बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी नियुक्त करते हैं।

एक अधिकारी ने कहा, ह्वइंडियन नेशनल कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स ने संशोधन के दौरान एक ही नाम की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के लिए कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की?ह्ल उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गईं और मौजूदा समय में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सिर्फ 22 चुनाव याचिकाएं लंबित हैं। बता दें कि चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के अंदर संबंधित उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल की जा सकती है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा, ह्वकांग्रेस के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे? अगर कोई मतदाता पहले ही मतदान कर चुका हो या उसकी पहचान पर संदेह हो, तो




आपत्ति दर्ज करना उनका दायित्व है।ह्ल

**चुनाव आयोग ने फिर एसआईआर को बताया जरूरी :** अधिकारियों ने यह भी कहा कि आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का उद्देश्य मृत, दोहराए गए या स्थानांतरित मतदाताओं को हटाना और नागरिकता की पुष्टि करना है। एक अधिकारी ने सवाल किया, ह्वक्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध?ह्ल उन्होंने यह भी जोड़ा कि बिहार और हरियाणा दोनों में कांग्रेस के बूथ एजेंटों ने संशोधन के दौरान दोहराए गए नामों को लेकर कोई दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि ह्वहाउस नंबर जीरोह्ल उन घरों के लिए है जिनके लिए पंचायतों या नगरपालिकाओं द्वारा घर का नंबर आवंटित नहीं किया गया है। बूथ स्तर के अधिकारियों ने ऐसे घरों को ह्वहाउस नंबर जीरोह्ल के रूप में दर्ज किया है।

# देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बना गाजियाबाद

## लोनी की हवा सबसे जहरीली, गंभीर श्रेणी के करीब एक्यूआई

**गाजियाबाद।** वायु गुणवत्ता में कुछ अंकों की कमी के बावजूद जनपद का एक्यूआई 325 दर्ज किया गया। 325 अंक के साथ मंगलवार को गाजियाबाद देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। वहीं लोनी की हवा सबसे अधिक जहरीली रही और गंभीर श्रेणी के करीब दर्ज की गई।

हर दिन शहर की हवा खराब से बेहद खराब की श्रेणी में पहुंच रही है। इस बीच अधिकारी भले प्रदूषण नियंत्रण के लिए कार्य करने की बात कह रहे हों लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर नहीं दिख रहा है। दिल्ली एनसीआर में गाजियाबाद प्रदूषण के मामले में जहां पहले स्थान पर है वहीं देश में तीसरे स्थान पर है। चारों स्टेशनों की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। मंगवार को सबसे अधिक खराब हवा लोनी और फिर वसुंधरा का रहा। लोनी का एक्यूआई 383 दर्ज किया गया जबकि वसुंधरा का 328 रहा। 11 अक्तूबर के बाद से ही हवा में जहर घुल रहा है लेकिन सुधार कार्यों का जो दावा किया जा रहा है उसका असर दिख नहीं रहा।

विशेषज्ञों की सलाह है कि लोग बिना मास्क के घर से बाहर निकलें। खास तौर पर बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी मुनासिब नहीं है। खुली हवा में सांस लेने से लोगों को सांस से संबंधित परेशानी बढ़ सकती है।

**फैक्टरियों को स्वयं ही कराना होगा छिड़काव :** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( यूपीपीसीबी) ने यूपीसीडा और उद्योगों को अपने आसपास उड़ रही धूल पर खुद से नियंत्रण करने को कहा है। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी प्रदूषण अधिक पाया जाता है तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि सोमवार को उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 का निरीक्षण किया था। यहां उद्यमियों को उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने परिसर और आस-पास पानी का छिड़काव कराएं ताकि धूल व धुएं के कण जमीन पर बैठ सकें।




जैसे ही उनकी इंडस्ट्री के आसपास कहीं धूल दिखेगी उन्हें तुरंत कार्रवाई करनी पड़ेगी। अन्यथा अधिक धूल पाए जाने पर जुमार्ना लगेगा। अभी कुछ दिन पहले ही लोनी में अलग-अलग इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई थी।

### निगम ने शुरू किया पानी का छिड़काव

लगातार बढ़ रहे प्रदूषण स्तर को देखते हुए नगर निगम की ओर से शहर में वाटर स्प्रिंकलिंग अभियान की शुरूआत की गई है। निगम ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए करीब दस वाटर स्प्रिंकलर गाड़ियों को सड़कों पर उतारा है। इनमें से 6 गाड़ियां मोहन नगर और 4 गाड़ियां वसुंधरा क्षेत्र में काम कर रही हैं। प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए रोस्टर प्लान के मुताबिक इन गाड़ियों को शहर के अलग अलग हिस्सों में दौड़ाने का काम किया जा रहा है। जानकारी देते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि नगर निगम की ओर से लगातार प्रदूषण स्तर को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए विभाग की तरफ से टीम बनाकर अलग अलग इलाकों में छिड़काव का काम कराया जा रहा है। इसके लिए निगम की ओर से करीब दस स्प्रिंक्लिंग वाहनों को सड़क पर उतारा गया है।

### प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी से मिले आरडबल्यूए पदाधिकारी

जनपद की हवा लगातार जहरीली हो रही है। इस संबंध में मंगलवार को कंफेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए की एक टीम प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी से मिले और प्रदूषण से रोकथाम की मांग की है। इस दौरान फेडरेशन चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने वायु गुणवत्ता सूचकांक सुधारने के लिए कई उपाय सुझाए। उन्होंने कहा कि माह का एक दिन तय किया जाए जब लोग बिना गाड़ी के चलेंगे। उन्होंने मेट्रो पिलर और फ्लाई ओवर पिलर्स पर वर्टिकल गार्डनिंग करने के सुझाव दिए। हिंडन श्मशान घाट पर केवल मोक्षदा प्रणाली से शव दहन किया जाए। पदाधिकारी जय दीक्षित ने बताया कि बैठक में प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी अंकित सिंह ने यह सभी बातें आगामी प्रशासनिक बैठक में रखने का आश्वासन दिया है। मंगलवार की बैठक में ज्ञान सिंह, चंदन सिंह, गणेश दत्त, राजेन्द्र त्रिपाठी, रोहित गुप्ता, विनीत त्यागी और संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान



**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह से ही सरयू नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रामनगरी की आस्था शिखर को स्पर्श करती नजर आई। लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाई। यह सिलसिला भोर से ही शुरू हुआ तो पौ फटने के साथ यह और प्रगाढ़ होता गया। सरयू के स्नान घाट से प्रमुख मंदिरों की ओर जाने वाले मार्ग श्रद्धालुओं से पटे पड़े हैं।

30 अक्टूबर को चौदह कोसी परिक्रमा के साथ आरंभ हुए कार्तिक पूर्णिमा मेले के अंतिम पर्व पर स्नान दान व दर्शन-पूजन के लिए पूर्व संध्या से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। पूर्णिमा स्नान को तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं का रेला सरयू के घाटों पर जुटने लगा।

सरयू के समानांतर ही सरयू के घाटों पर आस्था की धारा भी प्रवाहित होती दिखी। कोहरे में अल सुबह सूर्यदेव भले ही देर से चमके, उनसे पहले आस्था का सूर्य जरूर चमक रहा था। सुबह की ठंडक भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा पाई। श्रद्धालुओं ने पावन सलिला में डुबकी लगाई और सरयू पूजन-अर्चन के बाद गो दान की परंपरा का निर्वहन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

पौराणिक पीठ नागेश्वरनाथ में



श्रद्धालुओं ने यथा शक्ति और भक्तिभाव से भोले बाबा का अभिषेक किया।

यहां लंबी कतार लगी रही। नगरी के आराध्य भगवान राम और उनके प्रिय दूत हनुमंत लला के दरबार बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी, वैष्णव परंपरा की आस्था के केंद्र में रहने वाले कनक भवन, श्रीराम जन्मभूमि आदि मंदिर पर सुबह से दर्शनार्थियों की कतार लगी हुईं है।

इसी तरह गोंडा के भौरीगंज स्थित सरयू घाट, पसका त्रिमुहानी और आसपास के सभी तीर्थ स्थलों पर भक्तों ने स्नान, दान और पूजा-अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की आराधना करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन गंगा या सरयू स्नान, दीपदान और भगवान विष्णु-शिव की उपासना का विशेष महत्व बताया गया है।

# ऐसे खुलता है किस्मत का ताला : सब्जी बेचने वाले को लगी 11 करोड़ की लॉटरी

**चंडीगढ़।** पंजाब की एक यात्रा, एक दोस्त की थोड़ी-सी मदद और ढेर सारी किस्मत। राजस्थान के एक सब्जी विक्रेता ने पंजाब राज्य लॉटरी-दिवाली बंपर 2025 में 11 करोड़ रुपये जीते है। दरअसल अमित सेहरा ने एक दोस्त से पैसे उधार लेकर बठिंडा की एक दुकान से लॉटरी टिकट खरीदा था। उन्होंने पंजाब राज्य लॉटरी-दिवाली बंपर 2025 में यह शीर्ष पुरस्कार जीता है। आंखों में आंसू आने पर उन्होंने कहा कि उनके पास लॉटरी पुरस्कार पाने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए चंडीगढ़ जाने के लिए भी पर्याप्त पैसे नहीं थे।

जयपुर के कोटपुतली में रहने वाले और ठेले पर सब्जियां बेचने वाले सेहरा ने कहा कि यह भगवान का आशीर्वाद है कि उन्होंने मुझे छप्पर फाड़ के (अप्रत्याशित और बड़ा इनाम) दिया है। उन्होंने कहा कि वह यह पैसा अपने दो छोटे बच्चों



की पढ़ाई पर खर्च करेंगे। सब्जी विक्रेता ने कहा कि वह अपने दोस्त मुकेश को लॉटरी टिकट के लिए पैसे उधार देने के लिए एक करोड़ रुपये भी देंगे।

# मिजार्पुर में दर्दनाक हादसा: कालका मेल की चपेट में आकर छह श्रद्धालुओं की मौत

**मिजार्पुर।** उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में बुधवार की सुबह दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। रेलवे स्टेशन चुनार पर बुधवार की सुबह ट्रेन से उतरकर लाइन पार करते समय कालका मेल की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में शव क्षत-विक्षत हो गया। मौके पर पहुंचे जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने शवों को रेलवे लाइन से हटवाकर किसी तरह से शिनाख्त कराया। मौके पर अन्य अधिकारी पहुंचे। रेलवे स्टेशन चुनार पर सुबह सवा नौ बजे यात्री गोमो प्रयागराज एक्सप्रेस से उतरकर गलत दिशा से लाइन पार कर रहे थे। उसी समय प्लेटफॉर्म नंबर तीन से गुजर रहे कालका मेल की चपेट में आ गए। सभी यात्री कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए आ रहे थे।

हादसे के बाद शवों को रेलवे लाइन से हटाकर शिनाख्त



कराया गया। इसमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा सोनभद्र के शवों की शिनाख्त हुई है।

# आभासी दुनिया की होड़ में जिंदगी का असली आनंद पीछे छूटा, शिक्षा पर सबसे अधिक प्रभाव





**सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल एक तरह की लत बन जाती है।**

**नई दिल्ली।** आपने गौर किया होगा कि अब आपका दिन पहले की तरह शुरू नहीं होता। सुबह अलार्म बंद करते ही अधमुंदी आंखों के साथ उंगलियां मोबाइल फोन के नोटिफिकेशन को चेक करने लगती हैं और अपने आप व्हाट्सएप तथा इंस्टाग्राम पर चली जाती हैं। बिस्तर पर ही सारी जानकारियों से अपडेट होकर ही फिर कामों की शुरूआत होती है। स्थिति यह है कि खाना खाते समय भी उंगलियां स्टोरीज और रील्स को स्क्रॉल करती रहती हैं और नहाना तो बिना गानों के हो ही नहीं पाता है। यहां तक कि सोने से पहले नेटफ्लिक्स या यूट्यूब देखना आपकी आदत में शुमार हो चुका है। इतना ही नहीं, जब भी आप सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट शेयर करती हैं तो बार-बार पोस्ट को खोलकर लोगों के लाइक्स और कमेंट्स देखती रहती हैं और अच्छे कमेंट्स देखकर खुश तो बुरे कमेंट्स देखकर दुखी हो जाती हैं। ये सब डोपामाइन की वजह से होता है। जब आपको सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया मिलती है, तब यही डोपामाइन आपके दिमाग में छोटेझ्रछोटे विस्फोट करता है, जिनसे आपको क्षणिक खुशी का अहसास होता है।

आज दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां, जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, नेटफ्लिक्स आदि आपके ह्वअटेंशनह्ल के पीछे करोड़ों डॉलर खर्च कर रही हैं। आपकी इसी क्षणिक खुशी के लिए उनके एल्गोरिद्म इस तरह से तैयार किए गए हैं कि आप बार-बार लौटकर आएं और घंटों तक स्क्रीन पर अटकी रहें। इसका सीधा असर आपके दिमाग पर पड़ रहा है। आप लगातार हाई-डोपामाइन स्टिम्युलेशन में जी रही हैं, जहां छोटी-छोटी चीजों से मिलने वाला आनंद फीका पड़ चुका है। यही कारण है कि आज दुनिया के सामने ह्वडोपामाइन डिटॉक्सह्ल जैसी नई चीज सामने आई है।

### पहले खुद को स्वीकार करें



मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिल्ली में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश बताते हैं, आजकल सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का बड़ा हिस्सा बन गया है। लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल एक तरह की लत बन जाती है। यह न केवल हमारे समय की बबार्दी करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, नींद और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। इससे हमारे दिमाग को ह्वडोपामाइन स्टिम्युलेशनह्ल मिलता रहता है। व्यक्ति नई सूचना और लाइक या कॉमेंट की प्रतीक्षा में रहता है, जिससे वास्तविक जीवन में उसकी उपस्थिति कम होने लगती है। इसलिए कुछ समय के लिए इससे दूरी बनाना मानसिक और भावनात्मक स्थिरता के लिए जरूरी है। यह हमें खुद को डिटॉक्स करने में मदद करता है, क्योंकि ये प्लेटफार्म इस तरह बनाए गए हैं कि वे हमारे रिवार्ड सिस्टम को सक्रिय रखें।अकेलापन और तनाव इसे और बढ़ा सकते हैं। खुद को डिटॉक्स करने से पहले यह स्वीकार करें कि आप जरूरत से ज्यादा सोशल मीडिया का उपयोग करती हैं। फिर अपने लिए समय–सीमा निर्धारित करें। नोटिफिकेशन ऑफ कर दें। ऑफलाइन गतिविधियों को अपनाएं।

### डोपामाइन क्यों जरूरी

डोपामाइन को 'फील-गुड केमिकल' कहा जाता है। यह एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो दिमाग की कोशिकाओं को संदेश भेजता है और आपको प्रेरणा, उत्साह, जिज्ञासा तथा इनाम पाने जैसा अनुभव कराता है। जब कोई बच्चा साइकिल चलाना सीखता है, कोई खिलाड़ी मैच जीतता है या कोई लेखक अपनी किताब पूरी करता है, तो आपका मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है। इससे व्यक्ति को अपने कार्य के प्रति संतोष मिलता है और आगे भी मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। गुरुवार 06 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद में पांच दिन का अपराध चक्र

## चोरी, झगड़े और साजिशें – पुलिस की फुर्ती से कई मामले सुलझे

**- 50 लाख की आबादी वाले शहर में पांच दिन में 27 केस, डायल 100 का औसत रिस्पॉन्स टाइम 4.3 मिनट**

**- पाँच दिन में सत्ताईस वारदातें और हर जगह पुलिस की दौड़भाग**









**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद जिले में नवंबर की शुरूआत अपराध और एक्शन दोनों के साथ हुई है। 1 से 5 नवंबर के बीच जिले में 27 आपराधिक घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज हुई – इनमें वाहन चोरी, झपटमारी और झगड़ों के मामले सबसे ज्यादा रहे।

हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर कई मामलों का खुलासा किया, जिससे अपराधियों के हौसले पस्त हुए। लगभग 50 लाख की आबादी और 26 लाख मतदाताओं वाले इस ज़िले में औसतन 4.3 मिनट में पुलिस मौके पर पहुँची, जो इसकी सतर्कता का सबूत है।

### थाना-वार घटनाएँ

**सिहानी गेट:** घरेलू विवाद में युवक की हत्या के मामले ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। पुलिस ने मात्र 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो बाइक चोरी की घटनाएँ भी दर्ज हुईं।

**मोदीनगर:** वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ कर तीन बदमाश पकड़े गए। इनसे कई चोरी की मोटरसाइकिलें और मास्टर चाबियाँ बरामद हुईं।

**विजय नगर:** दोस्त के साथ झगड़े में युवक ने कैंची से हमला किया, आरोपी को 12 घंटे में दबोच लिया गया। दो छोटे चोरी के केस और एक सड़क झपटमारी की शिकायत भी दर्ज हुई।

**इंदिरापुरम और कविनगर:** साइबर ठगी के चार और मोबाइल झपटमारी के दो मामले सामने आए। पुलिस ने दो मामलों में पीड़ितों को रकम वापस दिलाई।




**लिंक रोड और लोहियानगर:** एक लूट प्रयास विफल किया गया, जबकि रात्रि गश्त के दौरान दो संदिग्ध वाहनों को सीज किया गया।

### 4 मिनट 32 सेकंड: डायल 100 का रिकॉर्ड टाइम

करंट क्राइम। डायल 100 (अब 112) गाज़ियाबाद यूनिट ने इस सप्ताह औसतन 4 मिनट 32 सेकंड में घटनास्थल तक पहुँचने का रिकार्ड बनाया। घरेलू झगड़े और सड़क अपराधों में त्वरित उपस्थिति ने कई संभावित वारदातों को रोका।

### पुलिस का एक्शन

- हत्या, लूट प्रयास और वाहन चोरी जैसे तीन बड़े केस सुलझाए
- चार प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी 24 घंटे में
- साइबर अपराध में रू 80 हजार की रिकवरी
- तीन थानों की टीमों को प्रशंसा पत्र की अनुशंसा

जिला पुलिस अफसरों का कहना है कि अपराध की किसी भी सूचना पर अब 'रीच फर्स्ट, रिपोर्ट लेटर' नीति पर अमल किया जा रहा है।

# चुनावी रण में कांग्रेस को करनी होगी नए युवा नेताओं की एक फौज तैयार

## पुराने नेताओं के भरोसे रहे तो खिसक जायेगा जनाधार

सुभाष शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जैसे-जैसे नवंबर महीने की तरीख आगे बढ़ रही है। वैसे-वैसे चुनावी ईयर की तरफ हर दल मूव हो रहा है। ये तय बात है कि वर्ष 2026 चुनाव की टंकार के साथ आयेगा। बिहार चुनाव के नतीजे बतायेगें कि कांग्रेस सियासत के किस धरातल पर खड़ी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने भले ही साईकिल का हैंडल थामा है लेकिन बड़ी बात ये है कि अगर उसे जन राजनीति में रहना है और अपने वोट बैंक का पुर्ननिर्माण करना है तो उसके नेताओं को जनता के बीच आना होगा।

गाजियाबाद की बात करें तो यहां कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें भाजपा का दुर्ग ध्वस्त किया है। यहां कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है। यहां विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने ही भाजपा को हराया। हालांकि यहां कांग्रेस जीती या भाजपा के उम्मीदवार हारे, इसे लेकर भाजपा में ही चर्चा रहती है कि अगर पार्टी ऐन मौके पर अपने चेहरे बदल देती तो जीत के सेहरे भाजपा के गले में होते। मगर ऐसा नहीं हुआ तो यहां भाजपा हार गई।

बहरहाल अब आज के दौर में आज की बात होगी तो जिस जमीन पर कांग्रेस ने लोकसभा का चुनाव जीता है। जिस जमीन पर उसने विधानसभा का चुनाव जीता है। अब उस जमीन पर उसे अधिक पसीना बहाने की जरूरत है। सही बात तो ये है कि कांग्रेस को यहां युवा ऊर्जावान चेहरों को लाने की जरूरत है। नए युवा चुहरों का एक्सपेरीमेंट कांग्रेस के लिए आशा लेकर आया है।

कांग्रेस ने जब पहली बार युवा चेहरे के रूप में डॉली शर्मा को मैदान में उतारा तो डॉली शर्मा चुनाव भले ही हार गईं लेकिन उन्होंने ये दिखाया कि चुनावी रण किस तरह से लड़ा जाता है। इसके बाद लोकसभा और मेयर के टिकट डॉली के नाम हो गये। कांग्रेस अगर उसी समय से डॉली शर्मा के विकल्प के रूप में और नए चेहरों को ताकत देती तो यहां समीकरण बदल सकते थे। पुराने राजनीति विश्लेषक भी ये मानते हैं कि चुनावी दौड़ में अगर कांग्रेस को रहना है तो उसे युवा नेताओं की एक फौज अभी से तैयार करनी होगी। एक ऐसे टीम वर्क को तैयार करना होगा जिसमें उच्च शिक्षित युवा शामिल हों। स्वच्छ छवि के युवा हों और ये युवा जन मुद्दों पर जनता के बीच जाकर उनका भरोसा जीत सकें।

कांग्रेस के पुराने नेताओं की बात करें तो अब उन पर आयु और एक लंबे समय की निष्क्रियता वाली हताशा हावी होने लगी है। अब उसके पुराने नेता उस अंदाज में नहीं हैं। जिन नेताओं से कांग्रेस को उम्मीदें थी और वो नेता जब विधानसभा में उम्मीदवार बने तो उनकी जमानत तब जब्त हो गई। चुनाव में हारना जीतना अलग बात है मगर वोट तो ठीक से मिलना चाहिए था। पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के सुपुत्र सुशांत गोयल अपनी जमानत भी नहीं बचा पाये। वर्षों तक जिला और महानगर की कमान संभालने वाले बिजेन्द्र यादव विधानसभा के चुनाव में जमानत बचाने लायक वोट नहीं ले सके। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे स्वर्गीय राजीव त्यागी की पत्नी भी साहिबाबाद जैसी बड़ी विधानसभा में कुछ खास नहीं कर पाईं। कुल मिलाकर सार ये रहा कि पुराने नेता फेल हो गये और कांग्रेस के पास अब ऐसा लगता है कि नए नेता हैं नहीं है और पुराने नेताओं में वो करंट रहा नहीं है।

### यूथ कांग्रेस से लेकर एनएसयूआई तक के फेस

करंट क्राइम। राजनीतिक दलों के चेहरे जनता के बीच दिखाई देते हैं। वो होर्डिंग पर दिखाई देते हैं वो आंदोलन में दिखाई देते हैं वो समाजिक आयोजनों में दिखाई देते हैं। यूथ राजनीति का हर दल में एक अलग ही बल होता है। मगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां कांग्रेस की यूथ राजनीति ही इस समय ऊर्जाविहीन चल रही है। एक तो पार्टी पहले ही सियासी मंदी के दौर से गुजर रही है औरउस पर वर्चस्व की लड़ाई से और जयादा नुकसान हो रहा है। ऐसे में अगर कांग्रेस हाईकमान नए चेहरों को प्रमोट करता है तो यहां उसका वोट बैंक बढ़ सकता है। वो सियासी जमीन पर कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

# गजब का रहा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का ये अंदाज

## भक्ति भी निभाई और कह दी मतदाता सत्यापन सूची की बात



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मॉडल टाउन में रहने वाले सौरभ चतुर्वेदी धार्मिक आयोजनों में सबसे आगे रहते हैं। गंगा स्नान पर्व पर उन्होंने पूजा पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया और एक भंडारे का भी आयोजन किया। मंदिर परिसर में कार्यक्रम था और इसमें भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद थे।

मयंक गोयल केवल महानगर अध्यक्ष ही नहीं है वो राजनीति के बेहतर खिलाड़ी भी हैं। वो शानदार वक्ता हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अचानक से मिले किसी भी विषय पर सारगर्भित तरीके से बोल सकते हैं। उनका अंदाज ऐसा है कि वो शब्दों का तारतम्य रखते हैं। भाषा की मर्यादा रखते हैं और शब्दों का टाईम मैनेजमेंट इतना बेहतर रखते हैं कि कम समय में वो गहरी बात कह देते हैं। मंदिर परिसर में जब महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को माईक मिला और दो शब्द कहने का मौका मिले तो मयंक गोयल ने अपने अंदाज में बात रखी। उन्होंने धर्म की बात रखी और धर्म के साथ-साथ पार्टी धर्म भी निभाया और लोगों को सधे हुए अंदाज में एसआईआर के बारे में बताया। मंदिर परिसर में मयंक गोयल ने अपने ही अंदाज में बात रखी। उन्होंने यहां पर एक साथ दो काज और एक पंथ वाला पथ अपनाया।

**मयंक गोयल ने आबादी के लाभ, आबादी के नुकसान और आबादी के ध्रुवीकरण की बात कम शब्दों में लेकिन गहरे अंदाज में कही।**

मयंक गोयल ने सबसे पहले धर्म के मुद्दे पर बात रखी और फिर वो यहां बडे ही सधे हुए अंदाज में धर्म होते हुए हिंदुत्व के मुद्दे पर आ गये। वो ये कहना नहीं भूले कि भाजपा धर्म की बात करती है। भाजपा हिंदुत्व की बात करती है और भाजपा राष्ट्रवाद की बात करती है। इसके बाद मयंक गोयल धर्म हिंदुत्व की विचारधारा से होते हुए विषय को आबादी पर ले आये। यहां उन्होंने आबादी के लाभ, आबादी के नुकसान और आबादी के ध्रुवीकरण की बात कम शब्दों में लेकिन गहरे अंदाज में कह दी। आबादी के बाद उन्होंने फिर ये बताया कि क्यों देश में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ जरूरी हैं।

आबादी, हिंदुत्व की बात करते हुए भाजपा की बात रखते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उस मुद्दे पर आये जो उन्होंने रखना था। धर्म स्थल पर खड़े होकर उन्होंने पार्टी के प्रति अपने धर्म का पालन किया। उन्होंने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है और फिर उन्होंने सभी से इसमें अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। मयंक गोयल ने महानगर अध्यक्ष के रूप में एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया कि पार्टी प्लेटफार्म को कभी नहीं छोड़ना है और पार्टी के निर्देशों को ही अपना धर्म मानते हुए पार्टी की बात को सधे हुए अंदाज में किस तरह से रखना है।

# पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने नगर प्रशासन पर साधा निशाना

## हाउस टैक्स मामले में जताई नाराजगी

### मेयर, विधायक, सांसद सब बीजेपी के, फिर भी अधिकारी के सामने निवेदन करना पड़ रहा है – त्यागी






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी की है।

उन्होंने कहा कि मेयर, विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री सभी बीजेपी के हैं, फिर भी हमें एक बड़े अधिकारी के सामने निवेदन करना पड़ रहा है – यह हमारे 5.30 लाख परिवारों का अपमान है। त्यागी ने हाउस टैक्स से जुड़ी अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विभागों में नूरा कुश्ती चल रही है – एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल दी जाती है और जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एक ही पार्टी से हैं, फिर भी जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा, यह स्थिति गंभीर है।

त्यागी ने नगर निगम से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमारा पद पर रहना बेकार है।

# IGRS पोर्टल : सबसे ज्यादा शिकायतों का बोझ नगर निगम पर

## जनसुनवाई पोर्टल पर हर दिन सैकड़ों शिकायतें, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने में आगे बढ़े नागरिक

**- भूमि विवाद और बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें भी दर्ज**

**- गाज़ियाबाद शीर्ष सक्रिय जिलों में**

**मुख्य बातें एक नजर में**

- आईजीआरएस पर गाज़ियाबाद शीर्ष सक्रिय जिलों में शामिल
- सबसे अधिक शिकायतें: नगर निगम, भूमि विवाद, बिजली विभाग
- सर्वाधिक विषय: सफाई, बिलिंग, अवैध कब्जा, जल आपूर्ति
- प्रशासनिक निर्देश: सभी विभागों को दैनिक समीक्षा करने के आदेश
- जनजागरण: नागरिकों की डिजिटल शिकायत प्रवृत्ति में वृद्धि




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार के जनसुनवाई (IGRS) पोर्टल पर गाज़ियाबाद अब उन जिलों में शामिल हो गया है जहाँ नागरिक सबसे अधिक ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कर रहे हैं। प्रशासनिक रिपोर्टों और समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई है कि जिले में दर्ज होने वाली अधिकतर शिकायतें नगर निगम, भूमि एवं राजस्व विभाग, और बिजली विभाग से जुड़ी हैं। शिकायतों का बढ़ता रुझान इस बात का प्रमाण है कि लोग अब सीधे डिजिटल माध्यम से अपनी समस्याएँ दर्ज कराने में सक्रिय हो चुके हैं।

**नगर निगम पर सबसे ज्यादा शिकायतों के निस्तारण का बोझ :** गाज़ियाबाद नगर निगम से जुड़ी शिकायतें IGRS पर सबसे अधिक दर्ज की जा रही हैं। शहर की सफाई व्यवस्था, जलभराव, सड़क गड्ढे, जल आपूर्ति और कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर नागरिक लगातार पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा रहे हैं।




इनमें बड़ी संख्या उन शिकायतों की भी है जो सीवरेज ओवरफ्लो, नाली सफाई, और कूड़ा निस्तारण शुल्क से संबंधित हैं।

नगर निगम का कहना है कि समयसीमा के भीतर अधिकतर शिकायतों का समाधान किया जा रहा है और जिन शिकायतों में मैदानी कार्रवाई की जरूरत है, वहाँ 'तत्काल निस्तारण' की टीम तैनात की गई है।

**भूमि और राजस्व विभाग के मामलों में बढ़ोतरी :** भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रजिस्ट्री में गड़बड़ी, और खातेदार परिवर्तन जैसी शिकायतें पिछले कुछ महीनों में तेजी से बढ़ी हैं। जनसुनवाई पोर्टल पर इस श्रेणी में आने वाली शिकायतें गाज़ियाबाद को प्रदेश के शीर्ष जिलों में रखती हैं। जिला प्रशासन ने इस पर निगरानी बढ़ाते हुए सभी तहसीलों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक भूमि-संबंधी शिकायत का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए।

### बिजली विभाग की शिकायतें भी बढ़ीं



करंट क्राइम। बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतें – जैसे गलत बिल, मीटर रीडिंग की त्रुटि, ओवरचार्जिंग और लाइन फॉल्ट – IGRS पर लगातार दर्ज हो रही हैं। इनमें से अधिकांश शहरी क्षेत्रों से हैं, जहाँ उपभोक्ता अपने मोबाइल से सीधे पोर्टल के जरिए शिकायत दर्ज कर रहे हैं। विभाग का दावा है कि 48 घंटे की अवधि में अधिकांश उपभोक्ता शिकायतें निस्तारित कर दी जाती हैं।

### जल निगम और अन्य विभागों की भूमिका

करंट क्राइम। जल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें, विशेषकर इंदिरापुरम और कविनगर क्षेत्रों में, लगातार बढ़ रही हैं। साथ ही शिक्षा, पुलिस, और परिवहन से जुड़ी शिकायतें भी पोर्टल पर मौजूद हैं, लेकिन इनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों को पोर्टल पर रोजाना लॉगइन कर लंबित शिकायतों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

### ऑनलाइन जागरूकता का असर

विशेषज्ञों का मानना है कि पोर्टल पर बढ़ती शिकायतें किसी नकारात्मक स्थिति का नहीं बल्कि लोक-जागरूकता के बढ़ने का संकेत हैं। नागरिक अब सीधे शिकायत दर्ज कर रहे हैं और निस्तारण की स्थिति ऑनलाइन देख पा रहे हैं। इस डिजिटल पारदर्शिता के कारण कई विभागों में जवाबदेही भी बढ़ी है।

## संपादकीय

# अकेलेपन में थम गई सांसें

जिम्बाब्वे से भारत आए शंकर नामक हाथी की दिल्ली चिड़ियाघर में अकेलेपन और कंक्रीट के बाड़े में घुटन भरी जिंदगी के कारण 29 साल की उम्र में मृत्यु हो गई। मैसूर में भी रैंबो नामक अफ्रीकी हाथी अकेला है। हाथी बेहद संवेदनशील होते हैं और अकेलापन उन्हें तोड़ देता है। सिर्फ 26 महीने का था शंकर, जब 1998 में जिम्बाब्वे से उड़ान भरकर भारत आया। पूर्व प्रेजिडेंट डॉ. शंकर दयाल शर्मा को डिप्लोमैटिक गिफ्ट के तौर पर मिले इस छोटे हाथी को नाम भी उन्हीं का दिया गया। दिल्ली जू के बाड़े में कदम रखते समय उसके साथ उसकी साथी मादा हाथी बोंबाई भी थी। लेकिन 2001 में बोंबाई के गुजर जाने के बाद शंकर की दुनिया वीरान हो गई।

बाड़े में घुटती जिंदगी अफ्रीकी हाथी खुले मैदानों में 20 से 50 किलोमीटर रोज चलना पसंद करते हैं। लेकिन शंकर 4,930 वर्ग मीटर की कंक्रीट की दुनिया में बंधा था। उसके पांव जंजीरों में जकड़े गए और अकेलापन उसके भीतर घुसकर बैठ गया। एनिमल राइट्स एक्टिविस्टों ने बार-बार चेताया। लेकिन शंकर के लिए कोई साथी नहीं मिल सका। वह अकेले बाड़े में घुटता रहा।

खाना छोड़ दिया आखिर 17 सितंबर को उसने खाना छोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन 29 साल की उम्र में शंकर की सांसें थम गईं। हालांकि अफ्रीकी हाथियों की औसत उम्र 70 साल होती है। उस समय उसका वजन करीब 4,000 किलो था। 1998 में जब उसने पहली बार भारत की मिट्टी छुई थी, तो वजन केवल 450 किलो था।

रैंबो की उदासी यही कहानी देश के इकलौते अफ्रीकी हाथी रैंबो की भी है, जो अब 33 साल का है और मैसूर, कर्नाटक के जू में बिल्कुल अकेला है। उसके माता-पिता टिंबू और जॉम्बी जर्मनी से मैसूर लाए गए थे। आज उसके पास कोई साथी नहीं है। अफ्रीकी हथिनी उसके लिए नहीं लाई जा रही।

फिशन-फ्यूजन समाज जानी-मानी एलिफैंट रिसर्चर सुपर्णा द्विवेदी बताती हैं कि हाथी बेहद इमोशनल और संवेदनशील प्राणी हैं। उनके कुनबे में दादी, मां, चाची, कजन और भाई-बहन होते हैं, कभी-कभी इनके कुनबे में सदस्यों की संख्या 60 तक भी पहुंच जाती है। कभी छोटे-छोटे ग्रुप में बंटते हैं, फिर मिलते हैं। मिलते समय सूंडें लिपटती हैं। छूकर, सहलाकर और पास रहकर ही वे अपना प्यार जताते हैं। अकेलापन उन्हें भीतर तक तोड़ देता है।

जू की हकीकत PETA इंडिया की डायरेक्टर खुशबू गुप्ता कहती हैं कि देश भर के जू का दौरा करते समय हमने हाथियों की हकीकत देखी। वे कंक्रीट के फर्श पर बंधे रहते हैं। बार-बार एक ही जगह चलना, सिर हिलाना, सूंड झूलाना- यह सब उनके भीतर की बेचैनी और दर्द की कहानी बयान करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नवी मुंबई पुलिस ने चीन-कंबोडिया से जुड़े शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड का किया भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार



### टेलीग्राम एप के जरिए धोखेबाज थे संपर्क में

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सीधे अंतरराष्ट्रीय संबंध का पता चला है, क्योंकि उनमें से तीन टेलीग्राम एप के जरिए चीन और कंबोडिया में साइबर धोखेबाजों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की मुख्य भूमिका एक एप्लीकेशन का उपयोग कर चालू बैंक खाते के लेनदेन से उत्पन्न वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को विदेश में अपने संचालकों तक पहुंचाना था। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर शेयर बाजार में निवेश के विज्ञापनों से सावधान रहें और अधिक लाभ कमाने के प्रलोभन में न आएं।

**नई दिल्ली।** नवी मुंबई पुलिस ने चीन और कंबोडिया से जुड़े एक बड़े शेयर ट्रेडिंग घोटाले का पदार्फाश किया है। साइबर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर 118 बैंक खातों को फ्रीज किया और 32.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी राशि सुरक्षित की। आरोपी सोशल मीडिया पर शेयर बाजार में ऊंचे मुनाफे का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों रुपये ठग रहे थे।

नवी मुंबई पुलिस ने चीन और कंबोडिया से जुड़े शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के परिणामस्वरूप, साइबर पुलिस ने भारत के कई राज्यों में 118 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। साथ ही धोखाधड़ी वाले लेनदेन से जुड़ी कुल 32.5 लाख रुपये की राशि सुरक्षित कर ली है।

### कैसे हुआ इस धोखाधड़ी का पदार्फाश?

अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध शाखा ने एक पीड़ित के मामले की जांच करते हुए धोखाधड़ी का पदार्फाश किया, जिसके साथ 1.07 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। जांच में सामने आया कि धोखेबाजों ने 2 सितंबर से 8 अक्तूबर के बीच कई पीड़ितों को निशाना बनाया। उन्हें विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निवेश विज्ञापनों के माध्यम से शेयर बाजार व्यापार में उच्च लाभ का वादा करने के बाद कई बैंक खातों में पैसा भेजने का लालच दिया।

### बड़े मुनाफे का झूठा वादा?

उन्होंने निवेश की गई राशि पर एक बड़ा, लेकिन आभासी, मुनाफा दिखाने के लिए एक फर्जी ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल किया और पीड़ितों को झूठे मुनाफे के आधार पर बड़ी रकम निवेश करने का लालच दिया। पुलिस के अनुसार, बाद में धोखेबाजों ने पीड़ितों का मूल निवेश वापस करने से इनकार कर दिया। नवी मुंबई पुलिस ने जानकारी दी कि चीन और कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी करने वालों से जुड़े एक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया है। साइबर पुलिस टीम ने शुरूआत में सुरेश तालेकर (29) और उसके साथी विकास आव्हाड (30) को पुणे से गिरफ्तार किया।

तीसरे आरोपी (जिसे गिरफ्तार नहीं किया गया) से आगे की जांच से पता चला है कि उसने तीन अज्ञात हिंदी भाषी व्यक्तियों से मुलाकात की थी, जिनके दूसरे राज्य से होने का संदेह है, और उन्होंने नवी मुंबई के महापे स्थित एक होटल में कुछ बैंक खातों से जुड़े सिम कार्ड सौंपे थे।

# रिश्वत के पैसों से कमाया गया मुनाफा भी अपराध से हुई आय', घूसखोरों पर हाईकोर्ट की टिप्पणी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि शेयर बाजार में निवेश के बाद रिश्वत के पैसे से हुआ लाभ अपराध से हुई आमदनी मानी जाएगी और इसके खिलाफ धन शोधन से जुड़े कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है। न्यायालय ने कहा कि मूल्य बढ़ जाने से किसी गलत स्रोत से हुई आमदनी पवित्र नहीं हो जाती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने शेयर बाजार में निवेश के बाद रिश्वत के पैसे से हुई आमदनी को अपराध से हुई आय माना है। अदालत ने कहा है कि यह राशि के खिलाफ धन शोधन से जुड़े कानूनों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल कीमत बढ़ जाने से किसी गलत स्रोत से हुई आमदनी पवित्र नहीं हो जाती। अदालत ने इस बारे में कहा कि बढ़ा हुआ मूल्य रिश्वत के मूल अवैध स्रोत का इस्तेमाल कर ही हासिल किया जाता है, इसलिए इसे सही नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने 3 नवंबर के फैसले में कहा, धनशोधन से जुड़े अपराध केवल आपराधिक अधिग्रहण के प्रारंभिक कृत्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आय से जुड़ी हर प्रक्रिया या गतिविधि तक फैला हुआ है, जिसमें कई लेनदेन के माध्यम से स्तरीकरण, वैध अर्थव्यवस्था में एकीकरण और अर्जित धन को वैध के रूप में पेश करना शामिल है। उदाहरण देते हुए पीठ ने कहा कि यदि कोई लोक सेवक रिश्वत लेता है तो यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध है। इसके बाद बाद वह उस राशि को मादक पदार्थों के व्यापार, अचल संपत्ति, तरजीजी शेयरों या किसी अन्य माध्यम का इस्तेमाल कर निवेश करता है, पर इससे ये वैध नहीं हो जाते। इसके अवैध होने का दाग फिर भी लगा रहता है। अदालत ने कहा कि इस तरह से हुई पूरी आमदनी को कुर्क किया जा सकता है, चाहे इसे बाद में किसी भी माध्यम से भेजा गया हो या इसका स्वरूप कुछ भी हो। अदालत ने कहा, इसी तरह, यदि रिश्वत के रूप में ली गई राशि को शेयर बाजार में निवेश किया जाता है, इस पर मुनाफा मिलता है तो पूरी बढ़ी हुई राशि अपराध की आय मानी जाएगी।

न्यायालय ने यह निर्णय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

# एनसीएलएटी से रिलायंस रियल्टी को झटका इंडिपेंडेंट टीवी से बकाया वसूली की अपील खारिज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (ठउछअळ) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस की सहयोगी कंपनी रिलायंस रियल्टी को बड़ा झटका दिया है। ट्रिब्यूनल ने कंपनी की वह अपील खारिज कर दी है जिसमें उसने इंडिपेंडेंट टीवी से किराया और संपत्ति की वसूली की मांग की थी। एनसीएलएटी ने कहा कि लिक्विडेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए, और लिक्विडेटर को कंपनी की सभी मूवेबल संपत्तियों को हटाने की अनुमति दी है।

### एनसीएलटी का आदेश बरकरार

ट्रिब्यूनल ने मुंबई बेंच के राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (ठउछळ) के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि इंडिपेंडेंट टीवी (पूर्व में रिलायंस बिग टीवी) की लिक्विडेशन प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जानी चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि रिलायंस रियल्टी इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट नहीं डाल सकती।

### किराये और बकाये को लेकर था विवाद

मामले की शुरूआत 27 नवंबर 2017 से हुई, जब रिलायंस रियल्टी ने धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (ऊअङउ) परिसर का एक हिस्सा इंडिपेंडेंट टीवी को किराये पर दिया था। इंडिपेंडेंट टीवी ने शुरूआत में किराया, बिजली और मेंटेनेंस का भुगतान अक्तूबर 2018 तक किया, लेकिन उसके बाद भुगतान बंद कर दिया गया। भुगतान न होने पर 2020 में कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू हुई।

### लिक्विडेशन प्रक्रिया के दौरान अटका मामला

एनसीएलटी ने मार्च 2023 में कंपनी की लिक्विडेशन प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया। इसके तहत ई-नीलामी की प्रक्रिया चली और दिसंबर 2024 में श्री साई बाबा शिप ब्रेकिंग कंपनी ने इंडिपेंडेंट टीवी की परिसंपत्तियां खरीदीं। इसके बाद रिलायंस रियल्टी ने बकाया किराया वसूली के लिए एनसीएलटी में अर्जी दी, लेकिन अब एनसीएलएटी ने भी उसकी अपील खारिज कर दी है।

### ट्रिब्यूनल की टिप्पणी

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि रिलायंस रियल्टी ने अब तक संपत्ति स्वामित्व पर कोई ठोस आपत्ति नहीं दी थी, इसलिए लिक्विडेशन प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। लिक्विडेटर को कंपनी की संपत्तियां हटाने और बेचने की पूरी स्वतंत्रता दी गई है।

# महादेव एप केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त: अदालत-एजेंसियों से न खेलें दुबई से गायब आरोपी रवि उप्पल को पकड़ने का ईडी को निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महादेव सट्टेबाजी एप घोटाले के फरार सह-संस्थापक रवि उप्पल को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपी का दुबई से भाग जाना बेहद गंभीर है और ऐसे लोगों को अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने ईडी को उप्पल का पता लगाकर उसे हिरासत में लेने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा।

### अदालतों को खेल समझने की इजाजत नहीं

न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि उप्पल का फरार होना न्यायिक प्रक्रिया के प्रति खुली अवहेलना है। अदालत ने सख्त लहजे में कहा, इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है। हमें इस पर कार्रवाई करनी होगी। ऐसे सरगनाओं के लिए अदालतें और एजेंसियां खिलौना नहीं हैं।

### 6,000 करोड़ रुपये का सट्टा घोटाला

एजेंसियों के अनुसार, रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर ने 2018 में महादेव सट्टेबाजी एप की शुरूआत की थी। यह एप ऑनलाइन गेम्स पर अवैध दांव लगाने का नेटवर्क चलाता था। जांच में अब तक करीब 6,000 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले का खुलासा हुआ है। उप्पल का सहयोगी सौरभ चंद्राकर को अक्टूबर 2024 में दुबई में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि उसका प्रत्यर्पण अभी लंबित है।

छत्तीसगढ़ पुलिस की शुरूआती जांच के बाद यह मामला सीबीआई को सौंपा गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी शामिल किया गया था। अदालत ने स्पष्ट किया कि एजेंसियों को ऐसे मामलों में तेजी दिखानी होगी ताकि अपराधी कानून से बच न सकें।

### दुबई से फरार, प्रत्यर्पण प्रक्रिया बंद

ईडी ने बताया कि रवि उप्पल, जिसे दिसंबर 2023 में इंटरपोल रेड नोटिस के बाद दुबई में हिरासत में लिया गया था, वहां से अज्ञात स्थान पर भाग गया है। यूएई अधिकारियों ने उसके खिलाफ चल रही प्रत्यर्पण कार्यवाही रोक दी है। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उसे कैसे और कब पकड़ा जाए, यह अब ईडी को सुनिश्चित करना होगा।

### ईडी का बयान — प्रत्यर्पण संधि से बच रहा आरोपी

ईडी के वकील एस.वी. राजू ने अदालत को बताया कि उप्पल संभवत: ऐसे देश में भाग गया है जहां भारत की प्रत्यर्पण संधि नहीं है, जैसे ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह। उन्होंने कहा कि आरोपी जानबूझकर ऐसे स्थानों पर भागते हैं ताकि उन्हें भारत लाना मुश्किल हो जाए।

### 14 नवंबर को अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को तय की है। अदालत ने उप्पल के वकील से कहा कि वे उसे भारत लौटने और न्यायिक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए राजी करें। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, ह्लवह हमेशा भागता नहीं रह सकता। यदि वह सामने आता है, तो उचित समय पर उसकी जमानत याचिका पर विचार किया जा सकता है।

## चुटकुले

शादीशुदा महिला- पंडितजी, मेरे पति हमेशा मुझसे लड़ते रहते हैं। घर की सुख-शांति के लिए कौन-सा व्रत रखूं?
पंडितजी- मौन व्रत रखो बेटा, सब बढ़िया होगा!

टीचर: बेटा, बताओ पृथ्वी गोल क्यों है?
पप्पू: ताकि हम घूम सकें सर!
टीचर: गलत जवाब!
पप्पू: तो आप ही बताओ, मैं तो घूम ही रहा हूँ!

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे बहुत कमजोरी लगती है!
डॉक्टर: सुबह क्या खाते हो?
मरीज: नींद!
डॉक्टर: फिर तो इलाज नहीं, अलार्म चाहिए!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 06 11 2025 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन




सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

# पीएम मोदी से मुलाकात के लिए पहुंची विश्व विजेता भारतीय टीम






**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंची है। यहां पीएम मोदी उनको जीत की बधाई देंगे और उनसे बातचीत करेंगे। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में रविवार को टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्वकप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

दिल्ली पहुंचने पर होटल में महिला टीम का ढोल-नगाड़ों और फूलों से भव्य स्वागत हुआ था। खिलाड़ियों और कोच अमोल मजूमदार ने केक काटकर जीत का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पूरी टीम को बधाई दी थी और भारतीय क्रिकेट के इस ऐतिहासिक पल को देश की बेटियों की ताकत और सपनों की जीत बताया था। भारत ने महिला वनडे विश्वकप के 52 साल के इतिहास में पहली बार खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाई थी।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, ऋषभ पंत की वापसी...



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने आगामी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत की टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि वापसी कर रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लंबे समय के बाद भारत की टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे।

### स्टार खिलाड़ियों से सजी है भारतीय टीम

चयनकताओं ने अनुभवी और युवा प्रतिभाओं के संतुलन के साथ एक मजबूत टीम चुनी है। टीम में युवा खिलाड़ियों जैसे यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को जगह मिली है, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज संभालेंगे। स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे विकल्प मौजूद हैं।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम:

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाश दीप

### जूनियर क्रिकेटरों को पीटती है ये महिला कप्तान

# वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया के साथ सीरीज से पहले लगे आरोप से मचा हंगामा




**ढाका:** वर्ल्ड चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ नवंबर महीने के अंत में सीरीज से पहले बांग्लादेश क्रिकेट में हड़कंप मच गया है। बांग्लादेश की महिला क्रिकेट कप्तान निगार सुल्ताना जोटी पर टीम की जूनियर क्रिकेटरों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर भी इस काम में कप्तान का साथ देने का आरोप लगाया गया है। यह आरोप महिला टीम से बाहर चल रही तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने लगाया है। उन्होंने कहा है कि इस व्यवहार के चलते ही जूनियर क्रिकेटर देश के लिए खेलने से दूरी बना रही हैं। हालांकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस आरोप को निराधार और दुर्भावना वाला बताते हुए खारिज कर दिया है, लेकिन देश में इसे लेकर बहस शुरू हो गई है। आलम ने हालिया महिला विश्व कप में बांग्लादेश टीम के बेहद खराब प्रदर्शन का कारण भी कप्तान के इसी व्यवहार को बताया है, जिसके चलते बांग्लादेश की टीम विश्व कप में 7वें स्थान पर रही है।

जहांआरा आलम ने बांग्लादेश के दैनिक अखबार 'कलेर कांथो' को दिए इंटरव्यू में चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। ये आरोप मौजूदा कप्तान जोटी, कुछ साथी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजमेंट पर लगाए हैं। उन्होंने टीम में जूनियर क्रिकेटरों के साथ खराब व्यवहार के सवाल पर कहा,यह कोई नई बात नहीं है। जोटी जूनियर खिलाड़ियों को बहुत पीटती है। विश्व कप के दौरान भी जूनियर खिलाड़ियों ने मुझे इसकी जानकारी दी थी। इन खिलाड़ियों ने बताया कि माफी मांगने पर भी उनकी पिटाई की जाती थी। मुझे कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि कल उनकी पिटाई हुई थी। यहां तक कि दुबई दौरे के दौरान भी, जोटी ने एक जूनियर खिलाड़ी को कमरे में बुलाकर थप्पड़ मार दिया।'

# 5 खिलाड़ी जिनको किसी भी कीमत पर रिलीज करेंगी टीमें




**नई दिल्ली:** आईपीएल 2026 को लेकर धीरे-धीरे चर्चा तेज हो रही है। इसकी वजह है कि अगले सीजन से पहले होने वाले मिनी ऑक्शन की तारीख नजदीक आ रही है और उससे पहले सभी 10 टीमों को अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी होगी। लिस्ट जारी करने की डेडलाइन 15 नवंबर है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उन 5 खिलाड़ियों के बारे में जिनको फ्रेंचाइजियां रिलीज कर सकती हैं।

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने इंग्लैंड के सैम करन को 2.4 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, उनका प्रदर्शन काफी ज्यादा निराशाजनक रहा था। उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 114 रन बनाए और 1 ही विकेट लिया था। ऐसे में सीएसके उनको रिलीज कर सकती है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में रसिख दार को 6 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा था। हालांकि, उनको सीजन में सिर्फ 2 मैच खेलने का मौका मिला था। उन मैचों में भी वह फेल रहे थे। उन्होंने दोनों मैचों में 35-35 रन दिए और सिर्फ एकमात्र विकेट लिया।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2025 में बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे। उनको पंजाब किंग्स ने 4.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। आईपीएल 2025 में मैक्सवेल ने 7 मैचों में सिर्फ 48 रन बनाए थे और 4 विकेट लिए थे। पंजाब किंग्स उनको रिलीज करने को देख सकती है।

कोलकाता नाइटराइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को खरीदने के लिए आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में अपना पूरा पर्स लगभग खाली कर दिया था। केकेआर ने वेंकी को 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह उस सीजन बिकने वाले तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे। हालांकि, वेंकटेश अय्यप पूरी तरह से फेल हो गए। उन्होंने 11 मैचों में सिर्फ 142 रन ही बनाए थे। केकेआर उनको रिलीज कर मिनी ऑक्शन 2026 के लिए अपने पर्स में ठीक-ठाक पैसे जोड़ सकती है। वेंकाटेश पर इतने पैसे खर्च करने का केकेआर को बिल्कुल भी फायदा नहीं हुआ। अय्यर आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन की सबसे खराब साइनिंग में से एक हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन इस लिस्ट में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो शानदार प्रदर्शन के बाद भी रिलीज हो सकते हैं। क्लासेन ने आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 487 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट भी 172.70 का था। इसके बाद रिपोर्ट्स आ रही हैं कि क्लासेन को हैदराबाद रिलीज कर सकती है। इसकी वजह है कि क्लासेन का प्राइज टैग काफी ज्यादा है। उनको हैदराबाद ने पिछले सीजन 23 करोड़ रुपये दिए थे। अगर एसआरएच क्लासेन को रिलीज कर देती है तो उनके पास 23 करोड़ रुपये पर्स में एड हो जाएंगे। इस रकम से हैदराबाद वो खिलाड़ी खरीद सकती है, जिनकी उन्हें जरूरत है।



# भारत-पाकिस्तान एक ग्रुप में, इस दिन होगी भिड़ंत; जितेश शर्मा की कप्तानी में उतरेगी टीम इंडिया




**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में 14 नवंबर से एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 का आगाज होगा। इस टूनार्मेंट में एशिया के कुल आठ देश हिस्सा लेंगे। सभी देशों की जूनियर टीम इस टूनार्मेंट में उतरेगी। जिसके लिए हाल ही में इंडिया ए स्क्वाड का भी ऐलान हुआ था। टीम इंडिया इस टूनार्मेंट में जितेश शर्मा की कप्तानी में खेलने उतरेगी। वहीं वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्या, अभिषेक पोरेल, नेहाल वढेरा जैसे कई युवा स्टार्स इसमें नजर आएंगे। इस टूनार्मेंट में भी भारत और पाकिस्तान को एक ग्रुप में रखा गया है। आपको बता दें कि एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूनार्मेंट के लिए आठ टीमें चार-चार के दो ग्रुप में बांटी गई हैं। ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, हांग कांग और श्रीलंका ए को रखा गय है। वहीं ग्रुप बी में इंडिया ए, ओमान, पाकिस्तान शाहीन्स और यूएई की टीमें हैं।

# अभिषेक शर्मा और रोहित शर्मा की बादशाहत बरकरार शुभमन गिल और बाबर आजम को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** आईसीसी द्वारा बुधवार 5 नवंबर को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई हैं। इस बार फिर से टी20 इंटरनेशनल में भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार रही है। वहीं रोहित शर्मा एक बार फिर से वनडे क्रिकेट के नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए हैं। इसके अलावा भारतीय कप्तान शुभमन गिल को और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को नुकसान उठाना पड़ा है।

अभिषेक शर्मा लंबे समय से अब टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर बरकरार हैं। वहीं पिछले हफ्ते अपने करियर में पहली बार वनडे इंटरनेशनल में नंबर 1 वन बने रोहित शर्मा भी अपनी टॉप पोजीशन पर काबिज हैं। वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में कुलदीप यादव को फायदा मिला है।

### शुभमन गिल और बाबर आजम नीचे खिसके

शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में एक स्थान और नीचे खिसक गए हैं। वह अब नंबर 3 से नंबर चार पर आ गए हैं। वहीं पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम को नंबर 4 से नंबर 5 पर लुढ़कना पड़ा है। इसके अलावा विराट कोहली नंबर 6 की पोजीशन पर बरकरार हैं। वहीं नंबर 9 पर वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर मौजूद हैं।





टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर तो अभिषेक हैं वहीं उनके अलावा तिलक वर्मा नंबर 3 के स्थान पर काबिज हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव की पोजीशन में भी खास बदलाव नहीं हुआ है और वह नंबर 8 पर बने हुए हैं। टी20 गेंदबाजों की लिस्ट में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर बरकरार हैं। मगर उनके अलावा कोई भी टॉप 10 में भारतीय गेंदबाज नहीं है।

टीम रैंकिंग की बात करें तो वनडे और टी20 दोनों में भारत नंबर 1 के स्थान पर बना हुआ है। ऑलराउंडर्स में अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई वनडे के नंबर 1 ऑलराउंडर हैं तो टी20 में पाकिस्तान के सईम अय्यूब नंबर 1 पर हैं। इस हफ्ते टेस्ट क्रिकेट ज्यादा हुआ नहीं तो उसमें खास फेरबदल नहीं हुए हैं।

# पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान, लाबुशेन की वापसी

### कमिंस की जगह यह खिलाड़ी करेगा कप्तानी




**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के पहले टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की वापसी हुई है, जबकि युवा ओपनर सैम कॉनस्टास को बाहर कर दिया गया है। टीम का एलान बुधवार को मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने किया, जिसमें सबसे बड़ा सरप्राइज नाम जेक वेदराल्ड का रहा। उन्होंने हाल के घरेलू सीजन में शानदार प्रदर्शन कर चयनकताओं का ध्यान खींचा था।

### स्मिथ संभालेंगे कप्तानी, कमिंस अब भी चोटिल

ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहेंगे, ऐसे में स्टीव स्मिथ टीम की अगुआई करेंगे। बेली ने कहा, 'हम टेस्ट समर की शुरूआत को लेकर उत्साहित हैं। टीम में संतुलन अच्छा है और खिलाड़ी घरेलू सीजन से अच्छी लय में आ रहे हैं।'

### जेक वेदराल्ड बना सबसे बड़ा सरप्राइज

31 वर्षीय जेक वेदराल्ड पिछले घरेलू सीजन में शेफील्ड शील्ड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने मौजूदा सीजन में भी लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा है। वे पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। दूसरी ओर, सैम कॉनस्टास, जिन्होंने पांच टेस्ट खेले थे, हाल के खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर कर दिए गए।

मार्नस लाबुशेन घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे थे, जिसकी बदौलत उन्हें दोबारा टीम में जगह मिली है। वे टॉप ऑर्डर में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा, जोश इंगलिस को भी टीम में शामिल किया गया है, जो एलेक्स कैरी के बैकअप विकेटकीपर होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में अनुभव का अच्छा मिश्रण

ऑस्ट्रेलिया की यह टीम अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण है। स्मिथ, ख्वाजा, स्टार्क, और लियोन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी टीम को मजबूती देगी, जबकि लाबुशेन और वेदराल्ड नए सीजन में अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। इंग्लैंड की टीम भी संतुलित है और सीरीज की शुरूआत से पहले ही रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है।

### पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), शॉन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर

### एशेज के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिन्सन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, मार्क वुड

# कल से शुरू होगा दूसरा अनौपचारिक टेस्ट, सिराज-राहुल और कुलदीप की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**नई दिल्ली।** भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे। वहीं, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार से टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

### पिछले मैच की दूसरी पारी में जड़ा अर्धशतक

पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेंगे।





### सिराज-राहुल और कुलदीप की नजरें अच्छी तैयारी पर

सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं।पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बल्लेबाजों के नजरिए से, दक्षिण अफ्रीका ए के तेज गेंदबाजों ने पहले मैच के अंतिम दिन शॉर्ट पिच गेंद की रणनीति का अच्छा इस्तेमाल किया और पंत सहित अधिकतर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

### भारत के सामने रबाडा और यानसेन की चुनौती

दक्षिण अफ्रीका की सीनियर टीम 14 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में इस रणनीति पर चलती है या नहीं यह तो समय ही बताएगा लेकिन उसके कप्तान बावुमा यहां फिर से इसको परखने की कोशिश कर सकते हैं। यहां की पिच से तेज गेंदबाजों को लगातार उछाल के रूप में काफी मदद मिल रही है और अगर दक्षिण अफ्रीका अपनी रणनीति पर कायम रहता है तो फिर यहां खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों को दो सप्ताह बाद कगिसो रबाडा और मार्को यानसेन जैसे तेज गेंदबाजों का सामना करने से पहले अच्छी तैयारी का मौका मिलेगा।


### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, कुलदीप यादव।

**दक्षिण अफ्रीका ए :** मार्केस एकरमैन, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।

### आकाश दीप वापसी के लिए तैयार

भारत ए के पास भी प्रसिद्ध कृष्णा जैसे तेज गेंदबाज हैं और आकाश दीप भी टेस्ट टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल प्रसिद्ध और आकाश ने अपना अंतिम टेस्ट मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में खेला था। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो पिंडली में खिंचाव के कारण हाल ही में पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे बावुमा लय हासिल करने के लिए बेताब होंगे।




# श्री शिव मंदिर में हुआ हरिनाम संकीर्तन का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दयानन्द नगर स्थित श्री शिवमंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी हरि नाम संकीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्री शिवमंदिर के प्रमुख सौरभ चतुर्वेदी ने इस धार्मिक आयोजन में आये सभी अतिथियों का तथा भक्तों का आभार व्यक्त किया। दयानन्द नगर के श्री शिव मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजिक, राजनीतिक और धार्मिक जगत के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने संकीर्तन में भाग लिया और फिर भंडारा प्रसाद भी वितरित किया।**

# महापौर सुनीता दयाल ने 5 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## डूंडाहेड़ा, आरडीसी और हिंडन विहार में नारियल फोड़कर कार्यों की शुरूआत, महापौर बोलीं 'विकास में किसी से भेदभाव नहीं'





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को शहर में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डूंडाहेड़ा गांव, आरडीसी फ्लाईओवर और हिंडन विहार क्षेत्रों में नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों की शुरूआत की। स्थानीय निवासियों ने महापौर का स्वागत पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ किया।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि डूंडाहेड़ा गांव और हिंडन विहार के मुख्य मार्गों की हालत लंबे समय से खराब थी। ग्रामवासियों की मांग पर अब इन आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा – मैंने वार्डों में विकास कार्य देते समय यह नहीं देखा कि यहाँ कौन-सा समाज या समुदाय रहता है। हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद नरेश जाटव, पार्षद जयकिशन पाल, पूर्व पार्षद राकेश पंडित, विकास हिंदू, सुनील गौतम, कामेश्वर त्यागी, लीलू नगर, हाजी जमालुद्दीन, हाजी फजलुद्दीन, डॉ. हारून, हाजी जफरुद्दीन, हाजी कासिम, रहीश चौधरी समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मुख्य विकास कार्यों का विवरण

- वार्ड-17 हिंडन विहार – मेट्रो स्टेशन से बाल्मीकि सभागार होते हुए गार्बेज फैक्ट्री तक आरसीसी सड़क निर्माण, लागत 2.50 करोड़।
- आरडीसी फ्लाईओवर क्षेत्र – फ्लाईओवर के नीचे और सर्विस रोड (शौचालय से जल निगम कट तक) सड़क निर्माण कार्य, लागत 80 लाख।
- वार्ड-27 डूंडाहेड़ा गांव – जीडी ट्रांसपोर्ट से सामुदायिक भवन और अन्य आंतरिक गलियों तक आरसीसी सड़क निर्माण, लागत 1.60 करोड़।

# नए नोएडा बसाने की तैयारियां तेज, सरकार से मांगे तहसीलदार और लेखपाल जैसे अधिकारी




**नोएडा।** नए नोएडा को बसाने के लिए एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण ने शासन से अधिकारी और कर्मचारी मांगे हैं। दो तहसीलदार, चार लेखपाल सहित अन्य अधिकारी की मांग की गई है। पिछले साल भी प्राधिकरण ने स्टाफ मांगा था, लेकिन नहीं मिला।

दादरी और बुलंदशहर के 80 गांवों की जमीन पर नया नोएडा बसाया जाना प्रस्तावित है। संबंधित गांवों में निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी, इसको लेकर अधिसूचना जारी हो चुकी है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जानी है लेकिन किस मॉडल पर जमीन ली जाएगी, यह तय नहीं हो सका है। किस दर से मुआवजा दिया जाए, कितनी विकसित भूमि छोड़ी जाए, इसको लेकर खाका तैयार किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शासन से नए नोएडा के लिए दो तहसीलदार, दो नायाब तहसीलादार और चार लेखपाल मांगे गए हैं। यह स्टॉफ मिलने के बाद नए नोएडा के क्षेत्र में एक ऑफिस खोला जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नए नोएडा के गांवों के लिए मुआवजा दर तय करते समय गांवों की जेवर एयरपोर्ट से दूरी, गौतमबुद्धनगर औरबुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट सहित कई बिंदुओं को देखा जा रहा है। नया नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड से सड़क अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई है। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इन्हीं गांवों के आसपास प्राधिकरण दफ्तर बनाएगा।

# यूपी रेरा ने हटाई रोक, 5663 फ्लैटों के निर्माण का रास्ता साफ

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** लंबे समय से अटके पड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्टों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने प्रदेश के 22 प्रोजेक्टों को आस्थगन सूची (सस्पेंशन लिस्ट) से बाहर कर दिया है। इस फैसले के साथ ही इन प्रोजेक्टों में 8856 फ्लैटों के निर्माण का रास्ता खुल गया है। इनमें से छह प्रोजेक्ट नोएडा और ग्रेटर नोएडा के हैं, जहां 5663 नए फ्लैट बनने हैं।




यूपी रेरा अधिकारियों के मुताबिक, जिन प्रोजेक्टों को आस्थगन सूची में डाला गया था, उनके पास आवश्यक दस्तावेज – जैसे भूमि स्वामित्व, स्वीकृत नक्शे और निर्माण अनुमति से जुड़ी जानकारी – उपलब्ध नहीं थी। अब बिल्डरों ने सभी जरूरी कागज जमा कर दिए हैं। इसके बाद अथॉरिटी की 152वीं बैठक में इन 22 प्रोजेक्टों को सूची से बाहर करने का निर्णय लिया गया।

फिलहाल यूपी रेरा में 4036 प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं, जिनमें से लगभग 400 प्रोजेक्टों को पहले आस्थगन सूची में डाला गया था। हाल ही में रेरा ने बिल्डरों को अपने प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने का अवसर दिया था। जिन प्रोजेक्टों ने तय समय में अपने दस्तावेज पूरे किए, उन्हें फिर से सक्रिय कर दिया गया है।

रेरा के इस फैसले से उन हजारों घर खरीदारों को राहत मिलेगी, जो लंबे समय से अपने घर का इंतजार कर रहे थे। अब फ्लैटों का निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने की संभावना है। हालांकि, रेरा अधिकारियों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सभी फ्लैट तैयार हैं या कुछ का निर्माण बाकी है।

रेरा के इस कदम को रियल एस्टेट उद्योग के लिए बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस निर्णय से न केवल निर्माण कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि रोजगार और निवेश के नए अवसर भी खुलेंगे।

रेरा का यह फैसला डेवलपर्स और खरीदार, दोनों के लिए राहत भरा है। इससे अटके हुए प्रोजेक्टों को दोबारा गति मिलेगी और बाजार में भरोसा बढ़ेगा।

# राज नगर एक्सटेंशन में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया 'समा-चकेवा'

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व नव मैथिल संघ और संकल्पसिद्धि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मिथिला का पारंपरिक लोकपर्व 'समा-चकेवा' बुधवार, 5 नवम्बर (कार्तिक पूर्णिमा) की संध्या बेला में संकल्पसिद्धि स्थल, राज नगर एक्सटेंशन पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं ने मिट्टी से बनी समा, चकेवा, मैना आदि की मूर्तियाँ सजे डाले में लेकर तालाब किनारे पूजा-अर्चना की और मैथिली लोकगीतों के साथ पर्व की रस्म निभाई। अंत में बहनों ने भाइयों को चूड़ा, गुड़ और मिठाई खिलाकर उनकी दीघार्यु की कामना की तथा मूर्तियों का जल प्रवाह किया।

पर्व के दौरान मिथिला के पारंपरिक व्यंजन – खाजा, लड्डू, बालूशाही आदि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# 3 दिसंबर को मनाया जाएगा भगवान जगन्नाथ का कार्यक्रम चक्रपाणि महाराज होंगे मुख्य अतिथि



**नोएडा (करंट क्राइम)।** भगवान जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से 3 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिंदू महासभा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंदिर आयोजन समिति के सदस्यों ने बुधवार को स्वामी चक्रपाणि महाराज से मुलाकात कर कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस मौके पर स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का पंचरात्र कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में देशभर से भगवान जगन्नाथ के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# होटल के कमरे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव फंदे से लटका मिला, कमरे से मिली शराब की बोतल और फोन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्ति खंड-3 स्थित वन मॉल के पास बने एक होटल में उस वक्त सनसनी फैल गई जब नोएडा में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मेरठ निवासी रजत प्रताप सिंह भाटी (27 वर्ष) पुत्र संजीव भाटी के रूप में हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 5 नवंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि होटल के कमरा नंबर 203 में एक युवक ने फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंची टीम ने दरवाजा तोड़कर देखा तो रजत चादर के फंदे से लटका हुआ मिला।



फाइल फोटो



पुलिस ने कमरे से लैपटॉप, मोबाइल फोन और शराब की बोतल बरामद की है। शुरूआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। बताया जा रहा है कि रजत 2 नवंबर से होटल में अकेले ठहरा हुआ था और नोएडा की एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। हालांकि, परिजनों ने इस घटना को आत्महत्या मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि रजत मानसिक रूप से मजबूत था और हर महीने करीब 1.25 लाख रुपये कमाता था। परिवार के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से वह पूरी सैलरी घर नहीं भेज रहा था और संभव है कि वह किसी मानसिक या आर्थिक दबाव में था। परिजनों ने आशंका जताई कि इस मामले में किसी महिला की भूमिका हो सकती है

# नोएडा के जिम्स में कैंसर और मस्तिष्क की बीमारियों का होगा इलाज

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) को एसजीपीजीआई लखनऊ की तर्ज पर सुपरस्पेशलिटी संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां कैंसर, मस्तिष्क, नस और गुर्दे समेत बच्चों की जटिल सर्जरी समेत कई गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा मिल सकेगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को लखनऊ में हुई संस्थान की दसवीं शासी निकाय की बैठक में यह फैसला लिया गया। संस्थान में कैंसर समेत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए नए सुपरस्पेशलिटी पाठ्क्रमों को मंजूरी दी गई।

**ये कोर्स होंगे शुरू** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में मेडिकल आन्कोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन में पाठ्यक्रम शुरू होंगे। अगले वर्ष तक इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी है।




## विकास वाले चले गये और सीवर वालों ने मांग लिये कंपलेंट दबाने के 50000

वो जमीन तो किसी और शख्स की है मगर नुक्स उसमें दूसरे निकाल रहे हैं। जमीन का मालिक हरे कृष्णा के प्रति आस्था रखता है। मालिक ने कहा जमीन पर बच्चों की तालीम का इंतजाम हो जाये। हरे कृष्णा वालों ने मंत्रोच्चार की शिक्षा से लेकर परीक्षा के प्रमाण पत्र भी दिये। गांधी वाले मौहल्ले में 500 गज के भूखण्ड पर हरे कृष्णा की अलख जगा रहे थे। मौहल्ले वाले इस जमीन पर अपनी गाड़िया खड़ी कर रहे थे और वो कुछ अलग ही प्लान बना रहे थे। जमीन मालिक ने कहा कि यदि यहां आश्रम बन जाये तो ठीक रहेगा। अब जमीन मालिक की, जमीन के पेपर मालिक के पास और कब्जा उसका। मगर मौहल्ले वालों का जज्बा ऐसा कि शिकायत कर आये। आश्रम बनने लगा तो पहले विकास वाले आ गये। ऐसे कैसे हो रहा है काम तो हरे कृष्णा वालों ने दिखाये पूरे कागजात। फिर विकास वाले लौट गये। फिर शिकायत हुई तो पुलिस आ गई और पुलिस को भी कागज दिखाये गये तो पुलिस भी वापस चली गई। इसके बाद एन्ट्री उन सीवर वालों की हुई जिनका जमीन से लेना ना देना। आश्रम वालों ने भी कह दिया कि जब विकास वाले चले गये पुलिस चली गई और तुम्हें किस बात के कागज दिखायें। हू आर यू। गांधी वाले मौहल्ले में 100 गांधी के नोटों की डिमांड हुई। आश्रम वालों से कहा कि ये बुल्डोजर वाला महकमा है और शिकायत दबाने के आधा पेटी मांग रहे हैं। फिलहाल तो सीवर वाले महकमें के प्रोपर्टी डिपार्टमेंट वाले चले गये हैं। शिकायत के नाम पर पहले 50हजार की डिमांड का किस्सा पूरे इलाके में गूंज रहा है। सुना है जल्द ही मामला अधिकारियों के पास पहुंचेगा। खुलासा भी होगा और ये पता भी चलना चाहिए कि जिसकी जमीन है वो चाहे उस पर आश्रम बनाये या मंदिर बनाये। मगर उनका तो पता चले जो कभी पुलिस को बुला रहे हैं तो कभी जीडीए वालों को बुला रहे हैं।

## नहीं हो रहा है विकास अब पार्षद करने जा रहे हैं बोर्ड बैठक बुलाने की डिमांड

सदन तो अब से पहले भी निगम में रहे हैं। मगर इतना सितम और वो भी अपनी सरकार में, पार्षद पहली बार देख रहे हैं। विपक्ष वाले पार्षदों को कोई टेंशन ही नहीं है और सरकार वाले पार्षद अपनी वेलफेयर एसोसिएशन बनाये घूम रहे हैं। अब वो बता रहे हैं कि विकास का लॉलीपोप तो सही में हमें ही मिला है। उनका कहना है कि कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं और कोटा-वोटा सब बेकार की बातें हैं। पार्षद दल अब अपना बल फिर से दिखाने जा रहा है। एसोसिएशन वाले ऑनलाईन बैठक कर चुके हैं और एक बार फिर निगम में मोर्चा खुलने की तैयारी हो रही है। इस बार पहला स्ट्रोक पार्षदों की तरफ से लैटर वाला लगेगा। वो निगम की मुखिया को लैटर देंगे और उन्हें पूरा मैटर बताते हुए बोर्ड बैठक बुलाने की डिमांड करेंगे। पार्षदों की रणनीति ये है कि जब पार्षद डिमांड करेंगे तो 15 दिन के अंदर बोर्ड बैठक बुलानी ही पड़ेगी। इसके बाद निगम के सदन में हर वार्ड में हुए विकास की पूरी रिपोर्ट पार्षद रखेंगे। उनका कहना है कि ये कोई मिनट्स बुक नहीं है जो हम छुपायेंगे। हम तो साफ साफ ये बतायेंगे कि किस वार्ड में क्या क्या काम हुए हैं और पार्षद के प्रस्तावों को किस तरह से हाशिये पर रखा गया है।

## अध्यक्ष जी को पता होना चाहिए कि इसी टीम ने पूरे किये हैं सारे आयाम

कप्तान घोषित हो गया और वो अपनी ड्रीम टीम का इंतजार कर रहे हैं। पुराने प्लेयर ने कहा कि कप्तान को ड्रीम छोड़कर थीम पर काम करना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि ये वही टीम है जिसने पीएम से लेकर सीएम के रोड शो कराये हैं। 100 से ज्यादा काम कराये हैं। अध्यक्ष जी को फिल्डिंग सजानी आनी चाहिए बाकी मैच तो हम जीत ही लेंगे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



Sanjeev Sharma
5h

अपने कार्यकर्ता हिमांशु सैन् की माता जी के लिए b negative ब्लड के डोनर की आवश्यकता है कृपया 9958240504 पर संपर्क करें

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवा केवल मंचों से नहीं, संवेदनाओं से जीवित रहती है — इसका उदाहरण पेश किया है गाजियाबाद विधानसभा के विधायक संजीव शर्मा ने। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक भावनात्मक अपील साझा की है, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकर्ता हिमांशु सैनी की माता जी के लिए B Negative ब्लड डोनर की आवश्यकता जताई है और लोगों से मानवता के इस पुनीत कार्य में आगे आने का अनुरोध किया है। जनसेवा के भाव से जुड़ी ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

Sain Himanshu Thakur · 58m
आदरणीय विधायक जी आपका बहुत बहुत आभार आपकी पोस्ट के जरिये मेरी माता जी को डोनर मिल गए है मैं आपका सदैव आभारी रहुगा

हिमांशु सैन
मंडल अद्यक्ष
गांधी नगर ओबीसी मोर्चा... See more

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा की ये खूबी है कि वो कार्यकर्ता के सुख और दुख में जुड़ कर चलते हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता को मदद की जरूरत थी और खास बात ये रही कि जैसे ही शहर विधायक संजीव शर्मा ने सोशल मीडिया पर अपने कार्यकर्ता की इस पोस्ट को देखा तो वो तुरंत आगे आये। सहयोग का एक सेतु बना। संजीव शर्मा ने दिखाया कि केवल जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि जन के साथ खड़े होना भी जरूरी है। कोई परेशानी है तो हम सब अपने कार्यकर्ता के साथ हैं। कार्यकर्ता की मदद हुई उन्होंने आभार व्यक्त किया। सहयोग, स्नेह और आभार के साथ शहर विधायक संजीव शर्मा का ये अदांज और ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# तंजानिया में चुनाव बाद बवाल: विपक्ष का आरोप सैकड़ों लोगों की हत्या, सुरक्षाबल गुपचुप तरीके से ठिकाने लगा रहे शव




**नैरोबी (तंजानिया)।** तंजानिया में आम चुनावों के बाद शुरू हुई हिंसा अब गंभीर रूप लेती जा रही है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षाबलों ने विरोध प्रदर्शनों को कुचलने के दौरान सैकड़ों लोगों की हत्या की और अब शवों को गुप्त स्थानों पर ठिकाने लगाया जा रहा है ताकि मौतों का वास्तविक आंकड़ा छिपाया जा सके। हालांकि सरकार ने अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हिंसा और अत्यधिक बल प्रयोग की निंदा की है।

### 29 अक्तूबर के मतदान के बाद भड़की हिंसा

29 अक्तूबर को हुए आम चुनावों के बाद देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। प्रदर्शनकारी चुनावों में धांधली के आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतर आए। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी रिपोर्ट में कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक मानकों पर खरे नहीं उतरे, क्योंकि विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं को चुनाव लड़ने से रोका गया था।

### विपक्ष का दावा एक हजार से ज्यादा मौतें

मुख्य विपक्षी दल चाडेमा ने दावा किया है कि हिंसा में अब तक एक हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। पार्टी प्रवक्ता ब्रेंडा रुपिया ने बताया कि केवल म्बेया क्षेत्र के तुंडुमा इलाके में ही करीब 400 मौतें हुई हैं। उनका कहना है कि सुरक्षाबल रातों-रात शवों को ठिकाने लगा रहे हैं ताकि हकीकत सामने न आ सके।

### राष्ट्रपति हसन की जीत पर सवाल

राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन को 97% से अधिक वोट मिलने के बाद विजेता घोषित किया गया, लेकिन विपक्ष ने उनकी जीत को गैरकानूनी बताया है। यह उनका पहला चुनाव था। वह 2021 में पूर्व राष्ट्रपति जॉन मागुफुली की मृत्यु के बाद सत्ता में आई थीं। विपक्षी नेता तुंडू लिस्सू देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं, जबकि उनके सहयोगी जॉन हेचे को मतदान से पहले गिरफ्तार किया गया था।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता

मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक और घातक बल का इस्तेमाल किया। वहीं ब्रिटेन, नॉर्वे और कनाडा ने भी बड़ी संख्या में मौतों की रिपोर्टों पर चिंता जताई है। कैथोलिक चर्च ने कहा है कि सैकड़ों लोग मारे गए हैं, हालांकि उसने सटीक आंकड़ा साझा नहीं किया।

# 2047 तक भारत विश्व अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगा – लंदन में बोले नायडू



**लंदन।** लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनेगा।

लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

इंस्टिट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी।

'मोदी सभी संरचनात्मक कमियां दूर कर रहे हैं नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कॉर्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए क्ङ्कऊ विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकॉक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना की

नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए। उन्होंने बताया कि हेरिटेज फूड्स और एनटीआर मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा को बढ़ावा दिया जा रहा है। नायडू ने अपने संबोधन के अंत में ब्रिटेन के निवेशकों और उद्योगपतियों को सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 में शामिल होने का आमंत्रण दिया, जो 14-15 नवंबर को विशाखापट्टनम में आयोजित होगा।

# भारतीय मूल के सिनसिनाटी मेयर को दूसरी बार जीत उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई को दी शिकस्त

**सिनसिनाटी।** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वे बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं।

अमेरिका में बुधवार को अलग-अलग चुनावों में डेमोक्रेट पार्टी और भारतवंशी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। इनमें एक विजेता ओहायो के शहर सिनसिनाटी के भारतीय मूल के मेयर आफताब पुरेवाल भी रहे। पुरेवाल ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई कोरी बोमन को हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है।

फॉक्स न्यूज की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, पुरेवाल की जीत से सिनसिनाटी के स्थानीय प्रशासन पर डेमोक्रेटिक पार्टी का नियंत्रण और मजबूत हुआ है। इससे ओहायो की राजनीति में पुरेवाल की स्थिति और सशक्त हुई है। 43 वर्षीय पुरेवाल, जो पहले अमेरिका में विशेष सहायक अटॉर्नी रह चुके हैं, ने 2021 में करीब 66 फीसदी वोट पाकर पहली बार मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी।



### पुरेवाल की मां का तिब्बत से वास्ता, पिता पंजाबी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वे बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं। पुरेवाल ने 2015 में हैमिल्टन काउंटी क्लर्क ऑफ कोर्ट्स के चुनाव से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की थी। मई में हुए प्राथमिक चुनाव (ओपन प्राइमरी) में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी बोमन को 80 प्रतिशत से अधिक मतों से हराया था। दोनों शीर्ष उम्मीदवारों के रूप में नवंबर के चुनाव में आमने-सामने आए।

बोमन, जिन्होंने पहले कभी कोई सार्वजनिक पद नहीं संभाला था, अपने सौतेले भाई जेडी वैंस के उपराष्ट्रपति पद संभालने से प्रेरित होकर राजनीति में आए। वैंस ने उनके प्रचार अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका नहीं निभाई, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने भाई के समर्थन में संदेश देते हुए लिखा कि वह एक अच्छे व्यक्ति हैं, जिनका दिल समुदाय की सेवा के लिए धड़कता है और लोगों से उनके लिए वोट करने की अपील की थी।

# न्यूयॉर्क में भारतीय मूल का जलवा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण- ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी।

### जब नेहरू के जिक्र से तालियों से गूंज उठा समारोह स्थल

ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, ह्यह्यआज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



### अमेरिकी राष्ट्रपति को दे दी चुनौती

ममदानी ने ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयॉर्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद ममदानी ने कहा, ह्यह्यहममें से किसी तक पहुंचना है तो आपको हम सबके बीच से होकर गुजरना होगा।

वह अमेरिका के सबसे बड़े शहर के मेयर बनने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ह्यह्यहम अब दूसरों को खेल के नियम तय नहीं करने देंगे। वे भी उन्हीं नियमों पर खेलें, जिन पर बाकी सब खेलते हैं। यदि हम इस नए रास्ते को अपनाने का साहस दिखाएं, तो हम कुलीनतंत्र और निरंकुशता का जवाब डर से नहीं, बल्कि उस ताकत से देंगे जिससे वे डरते हैं।

उन्होंने कहा, आखिरकार, अगर कोई भी ट्रंप द्वारा ठगे गए राष्ट्र को यह दिखा सकता है कि उसे कैसे हराया जाए, तो वह वही शहर है जिसने उसे जन्म दिया था। किसी तानाशाह को डराने का सबसे अच्छा तरीका है, उन हालातों को खत्म करना जिन्होंने उसे सत्ता दी। यही तरीका है ट्रंप को रोकने का। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को चुनौती देते हुए कहा, ह्यह्यतो डोनाल्ड ट्रंप, मुझे पता है आप देख रहे हैं। मेरे पास आपके लिए चार शब्द हैं- वॉल्यूम बढ़ा दो। ममदानी ने कहा कि आपको हममें (प्रवासियों में से) किसी तक पहुंचना है तो आपको हम सबके बीच से होकर गुजरना होगा।

# चीन के स्पेस स्टेशन से टकराया अंतरिक्ष मलबा तीन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी टली




**बींजिग।** चीन के स्पेस स्टेशन से सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे की टक्कर के बाद 3 अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को टाल दिया गया है। सीएमएसए ने बताया कि यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है।

चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन में बड़ा झटका लगा है। चीन के स्पेस स्टेशन से सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे की टक्कर के कारण बुधवार को निर्धारित अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यह जानकारी चाइना मैनड स्पेस एजेंसी ने दी। एजेंसी ने कहा कि यह फैसला अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

### तीन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी टली

चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के दल की अदला-बदली करता है। बीते शनिवार को शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ-21 क्रू के साथ कक्षा में हैंडओवर प्रक्रिया पूरी की थी। अंतरिक्ष स्टेशन की चाबियां मंगलवार को औपचारिक रूप से सौंप दी गईं। शेनझोउ-20 के तीन अंतरिक्ष यात्री (चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए) अपने निर्धारित सभी कार्य पूरे कर चुके हैं और बुधवार को इनर मंगोलिया के डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर उतरने वाले थे। हालांकि, मलबे की टक्कर के चलते उनकी वापसी अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इस बीच, चीन ने हाल ही में शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान के जरिए तीन नए अंतरिक्ष यात्रियों को छह महीने के मिशन पर अपने कक्षीय स्टेशन पर भेजा है।

### 2030 तक चीनी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की तैयारी

इससे पहले चीन ने एलान किया था कि वह वर्ष 2030 तक अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की दिशा में समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने बताया था कि फिलहाल इंसानों को चंद्रमा पर भेजने से जुड़ी सभी अनुसंधान और विकास परियोजनाएं सुचारू रूप से आगे बढ़ रही हैं। लॉन्ग मार्च-10 रॉकेट, चंद्र लैंडिंग सूट और एक्सप्लोरेशन व्हीकल जैसी परियोजनाएं जबरदस्त ढंग से आगे बढ़ रही हैं। हमारा 2030 तक चीन के किसी व्यक्ति को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य दृढ़ है।

# अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर में 16वीं बार की ड्रग तस्करों पर स्ट्राइक, दो की मौत, सैन्य तैनाती बढ़ाई



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है और दावा किया कि ये नावें विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इस दावे के ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को एक और ड्रग तस्करी में शामिल नाव पर घातक हमले की घोषणा की। यह हमला पूर्वी प्रशांत महासागर में हुआ, जिसमें नाव पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह ट्रंप प्रशासन की ड्रग तस्करी विरोधी अभियान की 16वीं बड़ी कार्रवाई है। अब तक इन हमलों में कम से कम 66 लोगों की मौत हो चुकी है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा हम अमेरिका में जहर फैलाने वाले हर ड्रग तस्कर और उनकी नौकाओं का अंत करेंगे। सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री हेगसेथ द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक नाव को हवा में उड़ाते हुए दिखाया गया है। वीडियो में नाव को आग की लपटों में घिरा हुआ भी देखा जा सकता है।

### ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है और दावा किया कि ये नावें विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इस दावे के ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों ने प्रशासन से इस अभियान और इसके कानूनी आधार पर अधिक जानकारी देने की मांग की है।

# भारतीय मूल की गजाला हाशमी चुनी गई वर्जीनिया की लेफ्टिनेंट गवर्नर, इस पद पर पहुंचने वाली पहली मुस्लिम

**नई दिल्ली।** हाशमी चार साल की थीं जब वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से अमेरिका आईं और जॉर्जिया में अपने पिता के साथ रहने लगीं, जहां उनके पिता इंटरनेशनल रिलेशन्स में कर रहे थे और बतौर शिक्षक अपना करियर शुरू कर रहे थे। अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत में भारतीय मूल की गजाला हाशमी लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गई हैं। राज्य के इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली गजाला हाशमी पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मूल की महिला हैं। 61 वर्षीय डेमोक्रेट नेता गजाला हाशमी ने लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के नेता जॉन रीड को हराया। वर्जीनिया में मंगलवार को मतदान हुआ था।

### लोकतंत्र समर्थक और बंदूक हिंसा की विरोधी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती हिस्सेदारी का ही नतीजा है कि साल 2025 में हो रहे चुनाव में अमेरिका में अहम पदों पर 30 से ज्यादा भारतीय अमेरिकी और दक्षिण एशियाई उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। गजाला हाशमी एक शिक्षक रही हैं और समावेशी मूल्यों और सामाजिक न्याय की पैरोकार हैं। गजाला हाशमी ने सार्वजनिक शिक्षा, वोटिंग अधिकार और लोकतंत्र की सुरक्षा, बंदूक हिंसा की रोकथाम, पर्यावरण, आवास और किफायती स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया।



भारतीय सामुदायिक संगठन ने गजाला हाशमी की जीत को बताया ऐतिहासिक सामुदायिक संगठन 'द इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' ने वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर के लिए आम चुनाव में हाशमी की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। इम्पैक्ट ने कहा कि उसने हाशमी के अभियान में 175,000 अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था ताकि मतदाताओं को एकजुट किया जा सके और सरकार के हर स्तर पर प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जा सके। इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड के कार्यकारी निदेशक चिंतन पटेल ने हाशमी की जीत को समुदाय और लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

भारत से अमेरिका शिफ्ट हुआ था परिवार हाशमी पहली बार नवंबर 2019 में वर्जीनिया सीनेट के लिए चुनी गई थीं। हाशमी चार साल की थीं जब वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से अमेरिका आईं और जॉर्जिया में अपने पिता के साथ रहने लगीं, जहां उनके पिता इंटरनेशनल रिलेशन्स में बतौर शिक्षक अपना करियर शुरू कर रहे थे। गजाला हाशमी हाई स्कूल क्लास में टॉपर रहीं और उन्हें कई फुल स्कॉलरशिप और फेलोशिप मिलीं। हाशमी ने जॉर्जिया सदर्न यूनिवर्सिटी से ऑनर्स के साथ इअ और अटलांटा में एमोरी यूनिवर्सिटी से अमेरिकन लिटरेचर में PhD की डिग्री हासिल की।

# तूफान कलमागी की मार से फिलीपींस बेहाल, 66 की मौत





**मनीला।** फिलीपींस में तूफान कलमागी ने तबाही मचा दी है। 66 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सेबू प्रांत में हुआ है, जो हाल ही में भूकंप से उबर रहा था। फिलीपींस में आए शक्तिशाली तूफान 'कलमागी' ने भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 26 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान देश के मध्य प्रांतों में हुआ है, जो कुछ समय पहले आए भूकंप से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाए थे। अधिकारियों ने बताया कि तेज बारिश और बाढ़ के कारण कई लोग अपने घरों की छतों पर फंस गए। रेड क्रॉस को सैकड़ों कॉल्स आईं, जिनमें लोगों ने मदद की गुहार लगाई।

सेबू की गवर्नर पामेला बारिकुआत्रो ने कहा हमने बचाव के लिए पूरी तैयारी की थी, लेकिन अचानक आई फ्लैश फ्लड ने सब कुछ बदल दिया। उन्होंने यह भी माना कि लंबे समय से हो रहे खनन और घटिया बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं ने स्थिति और बिगाड़ दी।

### राहत मिशन के दौरान हादसा

तूफान से प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने जा रहे फिलीपींस एयरफोर्स के एक हेलीकॉप्टर के अगुसान डेल सुर प्रांत में क्रैश होने से छह जवानों की मौत हो गई। सुपर ह्यूई हेलिकॉप्टर दक्षिणी अगुसान डेल सुर प्रांत के लोरेटो शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पूर्वी मिनडानाओ सैन्य कमान ने अपने एक शुरूआती बयान में कहा था कि हेलिकॉप्टर में सवार वायु सेना कर्मियों को ढूंढने के प्रयास जारी हैं, जो तूफान प्रभावित प्रांतों में मानवीय मदद देने के लिए तैनात किए गए थे। एबीएस-सीबीएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हेलिकॉप्टर हादसे में सवार छह कर्मियों की मौत हो गई है।

### भारी बारिश और बाढ़ का कहर

सेबू में नदी और नाले उफान पर हैं। कई इलाकों में घर बाढ़ में बह गए। प्रशासन ने प्रांत को ह्यराज्य आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है ताकि राहत फंड का उपयोग तेजी से किया जा सके। भूकंप से बेघर हजारों लोगों को पहले ही मजबूत आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिससे बड़ी संख्या में लोगों की जान बच गई। सेबू की गवर्नर ने घटिया निर्माण कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा यहां की बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की जांच होनी चाहिए। जिनकी वजह से लोगों की जान गई, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाए।

### 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार दोपहर तक तूफान कलमागी पश्चिमी पालावन प्रांत से आगे बढ़कर दक्षिण चीन सागर की ओर निकल गया। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई, जबकि झोंकों की गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि प्रभावित इलाकों में भूस्खलन और बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है और राहत अभियान को और तेज किया गया है।




**अब तक 3,87,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है, जबकि 186 उड़ानें रद्द की गई हैं। करीब 3,500 यात्री और ट्रक ड्राइवर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। फिलीपींस हर साल लगभग 20 तूफानों और कई भूकंपों का सामना करता है। यहां दर्जनों सक्रिय ज्वालामुखी भी हैं, जिससे यह दुनिया के सबसे आपदा-प्रवण देशों में से एक है।**




# मानसिंह गोस्वामी का भव्य स्वागत : पश्चिम क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक एवं मेरठ जिला प्रभारी बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

## डीएलएफ सेंट्रल पार्क में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

### ❑ मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दिया संदेश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के पश्चिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को मेरठ जिला प्रभारी एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पश्चिम क्षेत्र का कार्यक्रम संयोजक बनाए जाने के उपलक्ष्य में बुधवार शाम डीएलएफ के पिंक बूथ सेंट्रल पार्क में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भौपुरा मंडल और शालीमार गार्डन मंडल की पूरी टीम के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने मानसिंह गोस्वामी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। पूरे कार्यक्रम में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण पर जोरः मानसिंह गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (रक्फ़) लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सबसे अहम कड़ी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि हर नागरिक का वोट बनवाना हमारा दायित्व है। कार्यकर्ता अपनी गली और मोहल्ले के हर परिवार से संपर्क करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता छूट न जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन बीएलओं से तालमेल, और वोटर लिस्ट सत्यापन के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में मौजूद रहे कार्यकर्ता : इस अवसर पर पार्षद रेखा गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, आदेश तिवारी, दिया कौशल, भोला जी, ऋतु सरीन, जय कुमार, विपिन, मनीष सेनी, गुरदास पाल, सुनील त्यागी, हरीश कसाना, राकेश जैन, अनिल पाल, मनोज गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, देवाशीष चटर्जी, मनोज गोड, नेहा, सोनाली, सोनू पहलवान, अंकुश गोस्वामी, विश्वेन्दर चौधरी, राजेश जैन, नरेश कौशल सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा पहलवान ने दे दी एक विवाह समारोह में सियासी ललकार? कहने वाले ने कहा कि भगवा पहलवान ने कर दिया इस बात का खुला ऐलान? हम करते हैं क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर जनसेवा और कोई हमसे ज्यादा क्षेत्र में होर्डिंग का जलवा दिखाये तो माने उसका कमाल? कमांडर के खास पहलवान ने कहा हम पार्टी के हर आयाम को लेते हैं गंभीर और आपको होर्डिंग में भी दिखाई देगा हमारा काम और नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी उतरेगें एक बार फिर भगवा कमांडर वाले अवतार में? उनके पास जिम्मेदारी कुछ ऐसी आ गई है कि उन्हें देना है अपना रिपोर्ट कार्ड संगठन और सरकार में? सुना है टीआरपी वाले विधायक जी कुछ दिन के लिए जन सेवा से ज्यादा रखेंगे एसआईआर वाले काम पर फोकस? उनके साथ जुड़ कर चल रही है एक टीम? वो चाहते हैं बनी रहे कायम उनकी सफलता की थीम? जो काम उन्होंने संगठन वाला हाथ में ले लिया तो फिर बजती है वहां पर सफलता की बीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां महिला राजनीति का ही चल रहा है बहुत धीमा अभियान? कांग्रेसी ही बोला हमारे यहां अध्यक्ष पद का ही पता नहीं चलता है श्रीमान? एक पोस्टर लगाने की बात थी, उस पर भी सबके हाथ रह गये ढीले? महिला राजनीति में पद लेने के बाद फिर दिखाई नहीं देते हैं यहां फेस? ऐसे कैसे बनेगा जनता के बीच महिला कांग्रेस का बेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुजन समाज पार्टी की राजनीति में चल रहा है मामला इस समय बहुत ही कूल? कोई नेता कुछ बताने को ही नहीं है तैयार? उन्हें लगता है कि लटक ना जाये कहीं उन पर भी निष्कासित वाली तलवार? बसपा का हाथी अब ढूंढ रहा है बामसेफ और डीएस-4 के पुराने महावतों को? कहने वाले ने कहा यही हाल रहा तो डीएम समीकरण भी सिर्फ रह जायेगा कहने को पोलीटिक्ल कहावतों में?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि व्यापार मंडल वालों की राजनीति में आ गया है इस समय नए ट्विस्ट? पार्षद बता रहे हैं कि व्यापार मंडल वाले ही करते हैं शिकायत और फिर वो ही आकर करते हैं हिमायत? कहने वाले ने कहा कि गुटके वाले लाला के आंगन में ही क्यों हो रहा है ये सारा घमासान? कभी वो फूड वालों पर लगाते हैं 50 हजार का ऐलीगेशन तो कभी खोखे वालों को लेकर उन्हें हो जाती है टेंशन? व्यापार मंडल के नेताओं को सामने आकर स्पष्ट करनी चाहिए अपनी इंटेंशन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या शहर के साड़ी वाले लाला जी फिर देंगे निगम चुनाव में धनुष पर टंकार? वो चुनाव बहुत मजबूती से लड़े थे मगर गये थे ऐन मौके पर हार? मित्तल जी ने उसके बाद रख दिया पोलिटिक्ल गांडीव पेड़ पर और खुद का फोकस कर लिया ऑन द वस्त्र कारोबार? क्या चुनाव के समय ही आयेगी उन्हें याद? या फिर अब वो नहीं लड़ेंगे चुनाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में महामंत्री पहलवान का जलवा चल रहा है एकदम जलाल? सुना है देवतुल्यों का ये कहना है कि योद्धा से ज्यादा भीड़ जुटाने में सक्षम है पप्पू पहलवान? कहने वाले ने कहा कि हाल फिलहाल तो कोई रैली भी नहीं है फिर देवतुल्य क्यों कर रहे हैं ऐसी बात? सुना है किसी कार्यक्रम में भीड़ जुटाने को लेकर हुई थी बात? तब समर्थक ने कर दिया सबके सामने इस बात को साफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा मिंगल में गूंज रहा है किस्सा ब्रिंजल वाले डॉयलॉग का? सुना है कार्यकर्ताओं को लगा है एक प्रमुख पदाधिकारी की इस भाषाशैली से आघात? क्या प्रमुख पदाधिकारी ने कह दिया किसी देवतुल्य को तुम्हें नहीं पता बैंगन का भी? बात निकल कर आ गई बाहर कार्यकर्ताओं के बीच? कहने वाले ने कहा कि उन्हें नहीं कहनी चाहिए ऐसी बात क्योंकि ये मानी जाती है हेट स्पीच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले रेड्डी जी को समझनी चाहिए ये बात? सुना है मिनिस्टर जी के दफ्तर से वो कर रहे हैं महिला कार्यकर्ताओं को फोन? सुना है फोन वाली कहानी में कुछ आ रहा है चाईल्ड स्टोरी का ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा कि रेड्डी जी भले आदमी हैं और कई बार बात भी कुछ और होती है और कुछ और ही ले जाती है ट्विस्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस वाले वार्ड में सीन चल रहा है कुछ ज्यादा ही फिल्मी? पहले दो मिलकर चलते थे और तीसरा उन्हें बताता था जुल्मी? अब बाजार वालों के बता रहे हैं बोल? एक किरदार ने बदल लिया है अपना रोल? अब एक व्यापार मंडल वाले कर रहे हैं पार्षद जी के साथ कदमताल? दूसरे नेता जी ने बना लिया है अब इन दोनों से डिस्टेंस? बाजार वालों ने कहा कि हमें तो आज तक समझ ही नहीं आया इस मोहब्बत और लड़ाई का सस्पेंस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को गाजियाबाद में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम : मयंक गोयल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महानगर गाज़ियाबाद द्वारा 7 नवंबर 2025 को एक भव्य सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन भारत माता चौक, शालीमार गार्डन (निकट पुलिस चौकी) पर प्रातः 10 बजे से होगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वाभिमान का स्वर है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। गाज़ियाबाद का यह कार्यक्रम राष्ट्रगौरव और जनभागीदारी का प्रतीक बनेगा, जिसमें प्रसिद्ध गायिका इमोना विक्टर वंदे मातरम का विशेष गायन करेंगी। स्थानीय कलाकार भारतीय संस्कृति और स्वराज चेतना पर आधारित प्रस्तुतियाँ देंगे।

कार्यक्रम की तैयारी अमित त्यागी (महानगर संयोजक) तथा प्रदीप चौधरी, रवि भाटी और धीरज अग्रवाल (सह संयोजक) के निर्देशन में की जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के जनसंपर्क कार्यालय पर

## कार्तिक माह का भंडारा संपन्न, सेवा भावना से जुड़े अनेक कार्यकर्ता





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के जनसंपर्क कार्यालय पर चल रहे कार्तिक माह के भंडारे का समापन पूर्णिमा के 29वें दिन हर्षोल्लास के साथ हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता सेवा भावना के साथ शामिल हुए।

इस अवसर पर राजलक्ष्मी जैन एडवोकेट, मीनू रानी, अमित गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, मुकेश केजरीवाल, अमित मेहरा, दिया कौशल, देवेंद्र सागवान, अमित चौधरी, पार्षद प्रवीण चौधरी, मनीष पवार, विवेक त्यागी, बॉबी त्यागी, अर्जुन तोमर, वीरेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह, पार्षद वीरेंद्र त्यागी, अजय चौहान, एस.पी. सिंह, कुसुम सिंह, पार्षद विजेंद्र चौहान, पार्षद प्रवीण चौधरी, अशोक भाटी, बिपिन डागर, कुलदीप कसाना, रामदास, रविंद्र भाटी, हरपाल परेवा, पूर्व पार्षद विनोद शर्मा, प्रताप चौधरी, प्रदीप गुप्ता, गोपाल भाना, महेश कटारिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा की माता श्रीमती कुंती देवी शर्मा, भाई विजय शर्मा, अजय शर्मा तथा भतीजा विक्रांत शर्मा ने उपस्थित रहकर भंडारा वितरण में भाग लिया और सेवा भावना से प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकताओं का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कैलाश यादव (सह संयोजक) और हरिचंद शर्मा (कार्यालय प्रभारी) भी मौजूद रहे।

# टीलामोड़ में डांट के बाद लापता हुई छह साल की बच्ची, अगली शाम गड्ढे में मिला शव

## परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

**साहिबाबाद (करंट काइम)।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के इरशाद गार्डन स्थित निवासी साहिबे आलम की बड़ी बेटी छह वर्षीय शाहीना का शव मंगलवार की शाम क्षेत्र में स्थित प्लाट में बने गड्ढे में पड़ा मिला। बच्ची सोमवार की शाम घर से निकलकर लापता हो गई थी। चार नवंबर की दोपहर करीब एक बजे तक बच्ची का कुछ पता नहीं चला तब परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। शाम को पांच बजे शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। बच्ची के पिता साहिबे आलम ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। शाहीना सबसे बड़ी थी। सोमवार को उनकी पत्नी सलामन खातून ने बेटी को पढ़ाई की बात पर डांट दिया था।

इसके बाद बच्ची घर से निकली थी। मंगलवार शाम प्लाट के पास बने घर की छत से कुछ बच्चों ने गड्ढे में भरे पानी में शव पड़ा देखा और परिवार को बताया। सूचना पर पुलिस पहुंची और बच्ची के स्वजन को बुलाया गया। बच्ची के मामा शमशुल होदा ने बताया कि गड्ढा ढाई फिट गहरा है और बच्ची की ऊंचाई करीब चार फीट है। ऐसे में बच्ची डूब नहीं सकती। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। स्वजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# 1008 दीपों के साथ हिंडन नदी तट पर मनाया देव दीपावली महोत्सव

## कथा व्यास अरविंद ओझा समेत कई प्रमुख हस्तियों ने की शिरकत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को हरनन्दी (हिण्डन) जागृति अभियान गाजियाबाद के तहत देव दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। पिछले 13 वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान का आयोजन किया जा रहा है बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में हिंडन जागृति मंच के कार्यकताओं ने विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में हिंडन नदी तट पर 1008 दीप से दीपोत्सव मनाया। इस मौके पर सभी आध्यात्मिक गुरु कथा व्यास अरविंद भाई ओझा, विशिष्ट अतिथि महंत वरुण शर्मा, श्रीमरघट वाले हनुमान बाबा मंदिर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम संयोजक अंकित गिरि ने बताया कि विगत 12 वर्षो से निरंतर देव दीपावली कार्यक्रम हरनन्दी घाट पर आयोजित किया जाता है कार्यक्रम में संजय कश्यप, गैल निदेशक (प्रदेश सहसंयोजक, एनजीओ प्रकोष्ठ), विहिप के पूर्व मीडिया प्रभारी घनश्याम लाल शर्मा ,सनी शर्मा,पप्पू पहलवान,अमित पाराशर, सुसज्जित कुमार,तेजपाल सिंह राणा, रविभूषण श्रीवास्तव, ओमप्रताप सिंह, ज्योति चौहान, मधु गोस्वामी, मंजू सिंह,सीमा चौहान, मंगल गिरि,राकेश गुप्ता, अवधेश ठाकुर,अजय गुप्ता, सुदीप साहू,संदीप त्यागी रस्म, कृष्णन्दु गुप्ता, योगिता कश्यप, श्याम कश्यप, रवि कटारिया,आदि उपस्थित रहे

# आईजी के नाम पर साइबर ठगी का नया खेल, 70 हजार रुपए हड़पे

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा शहर में साइबर अपराधी लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। नया मामला यूपी पुलिस के आईजी के नाम पर एक शख्स से ठगी करने का सामने आया है। इस मामले में एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके एक परिचित जो कि यूपी पुलिस में आईजी के पद पर तैनात है उनके नाम पर अज्ञात बदमाशों ने उससे फोन के माध्यम से संपर्क किया तथा उनका नाम लेकर 70 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया की निठारी गांव में रहने वाले मनोज कुमार पुत्र राजपाल शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 नवंबर की रात को उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने कहा कि वह यूपी पुलिस के आईजी अशोक सिंह का दोस्त बोल रहा है।

अशोक सिंह ने आपको कुछ सामान देने के लिए बोला है। पीड़ित उस व्यक्ति के झांसे में आ गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उक्त सामान के एवज में उनसे दो बार में ऑनलाइन 70 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। पीड़ित का कहना है कि पुलिस अधिकारी अशोक कुमार सिंह उसके परिचित है इसलिए उसने विश्वास करके यह रकम आरोपी के बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिया।

जब उसके पास सामान नहीं पहुंचा तो उसने उक्त नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, जो संपर्क नहीं हो पाया। पीड़ित ने इस मामले में जब आईजी से पता किया तो उसे ठगी के बारे में पता चल सका।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने सीखे मैनेजमेंट के गुर

## 20 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ बनाने पर चल रहा है कार्यः डीसीपी सच्चिदानंद सिंह





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से ट्रैफिक पुलिस के लिए डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित प्रोग्राम का आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, अतिरिक्त डीसीपी सच्चिदानंद सिंह, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे, प्रो याचना मल्होत्रा एवं प्रो शिल्पी राणा ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। सत्र का संचालन प्रो. याचना मल्होत्रा एवं प्रो. शिल्पी राणा ने किया।

प्रोफेसर याचना मल्होत्रा ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक संवाद को प्रभावी बनाने एवं पुलिस अधिकारियों की व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करना था। कुल 59 ट्रैफिक पुलिस एवं अधिकारी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए। प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने अतिथि सच्चिदानंद सिंह का पुष्पगुच्छ, शॉल और उपहार देकर हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस शहर की धड़कन है। जो न केवल यातायात को नियंत्रित करती है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित करती है। मौसम, समय या परिस्थिति कोई भी हो, ट्रैफिक पुलिस सदैव अपनी ड्यूटी पर तत्पर रहती है।

अर्पित चड्ढा ने कहां कि ट्रैफिक पुलिस शहर की ऑक्सीजन के समान आवश्यक, निरंतर एवं जीवनदायिनी है। किसी भी संस्था की प्रगति का आधार होता है और ट्रैफिक पुलिस शहर की सुचारु व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने एडीसीपी सच्चिदानंद सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे सकारात्मक सोच रखते हैं और अपनी टीम की भलाई के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के कठिन कार्य वातावरण को ध्यान में रखते हुए सभी को सत्र को खुला एवं संवादात्मक रखने के लिए प्रेरित किया। डीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि प्रत्येक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी विभाग की कार्यप्रणाली एवं सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गाज़ियाबाद शहर में 20 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिससे ट्रैफिक प्रबंधन को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मानकों के अनुरूप लाया जा सके। अगले चरण में कम-से-कम 100 अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाए, जिससे निरंतर क्षमता-विकास को बढ़ावा मिल सके। विशिष्ट अतिथि त्रिगुण बिशन, डीसीपी, ट्रैफिक गाजियाबाद ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस सत्र में भावनात्मक अनुशासन, सार्वजनिक संवाद की प्रभावशीलता, एवं तनाव प्रबंधन पर चर्चा हुई। अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान आने वाले व्यवहारिक तनावों को समझने, शांत रहने, धैर्य एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने की तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही माइंडफुलनेस अभ्यास, एकाग्रता के व्यायाम, और नागरिकों से सहानुभूति एवं अधिकारपूर्ण संवाद के तरीके भी सिखाए गए। प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव गेम्स, फीडबैक सत्रों एवं चिंतनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। अपराह्न सत्र परिस्थितियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित किया गया।

इस सत्र में दृढ़ता निर्माण, शारीरिक फिटनेस, पोषण, और गैर-मौखिक संप्रेषण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों को लंबे ड्यूटी घंटों में सतर्कता बनाए रखने, मौसम की विपरीत परिस्थितियों में स्वास्थ्य की रक्षा करने, तनाव कम करने हेतु लघु व्यायाम एवं भूमिका-निर्धारण जैसी तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन के संतुलन पर भी चर्चा हुई।

# बाइक सवार बदमाशों ने दो लोगों के कीमती मोबाइल लूटे, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के दो थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने दो लोगों का कीमती मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। यह घटनाएं थाना सेक्टर-63 और थाना सेक्टर-49 क्षेत्र की है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार मृत्युंजय नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर- 63 स्थित एक कंपनी में काम करता था। एक नवंबर को उसे कंपनी से निकाल दिया गया। वह रात 8 बजे के करीब ए-8 सेक्टर-63 स्थित कंपनी के बाहर मोबाइल फोन पर बात करते हुए जा रहा था, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित के अनुसार वह रात के समय घटना से भयभीत हो गया तथा सेक्टर-93 स्थित अपने घर चला गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित ने रात को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं मृत्युंजय का कहना है कि वह घटना वाले दिन डर कर अपने घर चले गए। अगले दिन वह मुकदमा दर्ज करवाने गया तो उसे इधर से उधर भटकाया गया। उसे दो-तीन थानों पर भेजा गया, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# कवि नगर में शीशे की दुकान में बड़ा हादसा

## शीशे गिरने से 12 साल के कैफ की मौत, दुकान मालिक घायल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के कवि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनडीआरएफ रोड पर स्थित एक शीशे की दुकान में बड़ा हादसा हो गया। दुकान में रखे भारी-भरकम शीशे अचानक गिरने से दुकान मालिक और एक मासूम बच्चा उनके नीचे दब गए। इस हादसे में 12 वर्षीय कैफ की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दुकान मालिक घायल हो गए। घटना देर रात लगभग 8:30 बजे एनडीआरएफ रोड पर अङनाम की शीशे और अल्युमिनियम की दुकान पर हुई। यह दुकान कादिर नामक शख्स की है। हादसे के वक्त दुकान में मालिक कादिर के साथ 12 साल का मासूम कैफ भी मौजूद था।



तभी अचानक से दुकान में रखे शीशे ताबड़तोड़ दोनों के ऊपर गिर पड़े। शीशे की अनगिनत परतें, जो करीब 5 फीट तक ऊंची थीं, के नीचे दोनों दब गए। हादसे की जगह एनडीआरएफ बटालियन के पास होने के कारण राहत कार्य तत्काल शुरू हो गया। सबसे पहले स्थानीय लोग बचाव के लिए दौड़े और उन्होंने शीशे तोड़ने शुरू किए। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के जवान भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। पुलिस को सूचना दिए जाने पर तत्काल एंबुलेंस भी बुलाई गई। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दबे हुए लोगों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला जा सका। एसीपी कवि नगर, सूर्य बली मौर्य ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि रात लगभग 8:30 बजे यह घटना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने तत्काल शीशे हटाए और दोनों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

अस्पताल में उपचार के दौरान 12 वर्षीय कैफ की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। वहीं, जख्मी हुए दुकान मालिक कादिर की हालत अब स्थिर और खतरे से बाहर है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा के शाहबेरी में महिला ने पुलिसकर्मियों से की बदतमीजी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें एक महिला पुलिसकर्मियों और दारोगाओं के साथ जमकर बदतमीजी और गाली-गलौज करती हुई दिखाई दे रही है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है।



यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम किसी शिकायत के संबंध में सोसाइटी में जांच के लिए मौके पर पहुंची थी। तभी महिला ने पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी और उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग हरकत में आया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोग महिला के व्यवहार की आलोचना कर रहे हैं, तो कुछ पुलिस के रवैये पर भी सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस इस वायरल वीडियो की सच्चाई और घटना के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है। देखना होगा कि कानून के प्रति इस तरह की अभद्रता पर पुलिस प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।